तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



शनिचरी बाजार में फल व्यापारियों के लिए बनाए गए शेड खाली, सड़क पर लगाते हैं ठेले, लगता है जाम।

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की सुनवाई आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 11 सितम्बर को प्रार्थना सभा भवन में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें बिलासपुर एवं मुंगेली जिले से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक पहुंचे शहर

**बिलासपुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत पश्चिम बंगाल जिला बंनकुरा विधानसभा क्षेत्र सोनमुखी के भाजपा विधायक दिबांकर घरामी बुधवार को बिलासपुर पहुंचे। बंगाल के विधायक ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान तहत बिलासपुर जिले में बंगाली समाज के बंधुओं से भेंट मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में आगामी वर्ष फरवरी-मार्च में होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कहेंगे। बंगाल के भाजपा विधायक श्री घरामी के बिलासपुर आगमन पर भाजपा बिलासपुर शहर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला महामंत्री सामेश तिवारी, जिला मंत्री देवेन्द्र कौशिक, रितेश अग्रवाल, हरीश साहू, महर्षि बाजपेयी, अनिल सिंह, देवाशीष दत्ता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### रेडक्रास सोसायटी का प्रशिक्षण स्थगित

**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की शाखा बिलासपुर द्वारा 10 से 13 सितम्बर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। सोसायटी द्वारा इस अवधि में प्राथमिक चिकित्सा सहायता एवं आपदा प्रबंधन विषय पर पीजीबीटी कॉलेज में 4 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। यह जानकारी सोसायटी के जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना ने दी।

### नवीन राशन दुकान खोलने आवेदन 19 तक

**बिलासपुर।** बिलासपुर के वार्ड नंबर 54 भक्त माता कर्मा नगर में नवीन शासकीय राशन दुकान खोलने के लिए 19 सितंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। खाद्य नियंत्रक ने बताया कि संबंधित वार्ड में नवीन शासकीय राशन दुकान खोले जाने सहकारी समितियां अथवा महिला स्व. सहायता समूह आवेदन करने की पात्रता रखते हैं। निजी व्यक्तियों को दुकान नहीं दिया जाएगा। निर्धारित प्रारूप में और सीलबंद लिफाफा में इच्छुक समूह जिला कार्यालय के खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। उचित मूल्य दुकान का संचालन ऐसे सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूह को दिया जाएगा, जो आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख से कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत हो।

### उत्कल चलेगी डायवर्ट मार्ग से 1 अक्टूबर से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला-कांसबहाल स्टेशन के बीच ट्रैक रिलेइंग ट्रेन टीआरटी मशीन से पटरियों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य विभिन्न तिथियों 1 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक होगा। ट्रेन परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी कटक होकर चलाई जाएगी। इसमें रेलवे जोनल स्टेशन से होकर चलनी ट्रेन में 10, 17, 24, 31 अक्टूबर, 7, 14, 21, 28 नवंबर, 5 व 12 दिसम्बर को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली गाड़ी 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, 13, 20, 27 अक्टूबर, 3, 10, 17, 24 नवंबर तक चलेगी।

# कालेजों को ढूंढने से नहीं मिल रहे स्टूडेंट, यूजी-पीजी में 28 हजार 861 सीटें रह गईं खाली

## कालेजों में यूजी-पीजी की कुल 55 हजार 91 सीटें, प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

कालेजों को ढूंढने से भी प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट नहीं मिले हैं। एक बार प्रवेश की तिथि भी बढ़ाई गई थी। फिर भी एयू से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी की 55 हजार में से 28 हजार 861 सीटें खाली ही रह गई हैं। सीयू का भी यही हाल है, यहां सीयूईटी के बाद भी ढाई सौ सीटें खाली रह गई हैं।

कालेजों में इस सत्र करीब डेढ़ माह से अधिक तक एडमिशन चला है, उसके बाद कालेजों को प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट ढूंढने पड़ गए। गवर्नमेंट कालेजों की स्थिति तो कुछ ठीक है, किन्तु प्राइवेट कालेजों में अभी भी काफी सीटें रिक्त रह गई हैं और उन्हें अभी भी प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में 16 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था और 2 जुलाई से प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट कालेजों में जारी हुई थी। उसके बाद कालेजों में मेरिट आधार तीन से चार बार प्रवेश की लिस्ट निकाली गई और 31 जुलाई तक शासन के निर्देशों के अनुसार प्रवेश दिया गया। उसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति की अनुमति से कालेजों में 14 अगस्त तक रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया। 14 अगस्त के बाद प्रवेश प्रक्रिया बंद हो गई थी और कई स्टूडेंटस प्रवेश के लिए भटक रहे थे। छात्र



संगठनों की ओर से प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग हो रही थी और यूनिवर्सिटी ने भी प्रवेश तिथि बढ़ाने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था। उसके बाद उच्च शिक्षा द्वारा एक सप्ताह के लिए प्रवेश तिथि बढ़ाई गई थी और 5 सितंबर तक प्रवेश दिया गया। इसके बाद भी यूजी-पीजी मिलाकर कुल 55 हजार 91 सीटों के नहीं भर पाईं और प्रवेश तिथि समाप्त होने के बाद यूजी-पीजी में 28 हजार 861 सीटें खाली रह गई है। दूसरी तरफ इन खाली सीटों को लेकर प्राइवेट कालेज वाले अभी और प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

### निर्देश नहीं आया

शासन की ओर से प्रवेश जो तिथि बढ़ाई गई थी वह 5 सितंबर को समाप्त हो गई है। उक्त तिथि तक जितना एडमिशन होना था हो गया है। उसके बाद प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है।

**- प्रवीण पांडेय,** क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग

### 26 हजार 230 स्टूडेंट ने लिया

कालेजों में इस शिक्षण सत्र में यूजी-पीजी में कुल 26 हजार 230 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। कालेजों में इस बार यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में कुल 37 हजार 240 सीटें हैं जिनमें से 17 हजार 851 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है और 19 हजार 389 सीटें फर्स्ट ईयर की खाली रह गई है। इसी तरह पीजी में कुल 16 हजार 946 सीटें हैं, जिनमें से 8 हजार 554 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है और 8 हजार 392 सीटें रिक्त है। इस तरह से देखा जाए तो इस सत्र पीजी में 50 प्रतिशत प्रवेश हुआ है जबकि यूजी में प्रवेश का प्रतिशत 47 फीसदी रहा। मतलब यूजी में कुल सीटों के आधा से भी कम सीटों पर प्रवेश हुआ है।

### प्रवेश तिथि बढ़ने पर 1 हजार 606 ने लिया और प्रवेश

उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ा दिया था। हालांकि प्रवेश तिथि केवल सप्ताहभर के लिए बढ़ाई गई थी जिसमें से आधे दिन तो छुट्टी रहा और तीन-चार ही दिन प्रवेश के लिए मिले। प्रवेश की तिथि बढ़ने के बाद अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी दोनों को मिलाकर लगभग 1 हजार 606 स्टूडेंट्स ने और प्रवेश लिया है। इसमें यूजी फर्स्ट ईयर में 1 हजार 48 एवं पीजी में 726 स्टूडेंट और बढ़ गए हैं।

## सीयू में पीजी की रिक्त रह गई 250 सीटें बिना सीयूईटी वालों को मिलेगा अवसर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तीन-चार राउंड आनलाइन व आफलाइन काउंसिलिंग के बाद भी पीजी पाठयक्रमों में लगभग 250 सीटें रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए यूनिवर्सिटी 16 सितंबर को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग करने जा रही है, जिसमें बिना सीयूईटी वाले स्टूडेंट्स भी शामिल हो सकते हैं।



16 सितंबर को होगी विशेष आफलाइन काउंसिलिंग

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी की कुल 1400 सीटें हैं। पीजी पाठयक्रमों में कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम, सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया जाता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठयक्रम है। इसके लिए सीयूईटी का रिजल्ट आने के बाद जून माह में ही रजिस्ट्रेशन और आनलाइन काउंसिलिंग शुरू हो गई थी। आनलाइन एवं आफलाइन मिलाकर पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अभी तक चार राउंड काउंसिलिंग आयोजित की जा चुकी है। इसके बाद भी पीजी की 1400 सीटों में से लगभग ढ़ाई सौ सीटें रिक्त रह गई है। इसलिए अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी पीजी की रिक्त सीटों को भरने के लिए 16 सितंबर को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग करने जा रही है। इस विशेष आफलाइन काउंसिलिंग में सीयूईटी वालों के अलावा वे स्टूडेंट्स भी शामिल हो सकते हैं जिन्होंने सीयूईटी नहीं दिलाया है। वे सीधे मार्कशीट की फोटोकापी सहित आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ रिक्त सीट वाले विभागों में सादे कागज में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए स्टूडेंट्स को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक पहुंचने कहा गया है।

## तीन सालों से खेलो इंडिया के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट तक नहीं दी गई

# नहीं मिल रहा खाने को मैडल तो छोड़ ही दीजिए






विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

खास खबर

बहतराई में 122 करोड़ की लागत से बना स्पोर्ट्स स्टेडियम जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण बदहाल हो चुका है। 50 एकड़ में फैला यह खेल प्रशिक्षण केन्द्र देखरेख और मेंटेनेंस के अभाव में यहां निर्मित खेल मैदान के बीच बड़े- बड़े घास और झाड़- झंकाड़ उग आए हैं। बदइंतजामियां पसरी हुई हैं और खेल में अपना कैरियर बनाने पहुंचे खिलाड़ियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात की केन्द्र सरकार ने इस सेंटर को एक्सीलेंस सेंटर बनाते हुए खेलो इंडिया का दर्जा दिया है लेकिन खिलाड़ी भोजन तक के लिए तरस रहे हैं। बड़ी बात की हर साल प्रति खिलाड़ी 30 हजार रुपए मिलने के बाद भी तीन सालों से खेलो इंडिया के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट तक नहीं दी गई है। बड़ी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी पुराने किट और ट्रैक सूट में उतर रहे हैं।

करोड़ों खर्च करने के बावजूद इस स्टेडियम का रखरखाव भगवान भरोसे चल रहा है। प्रदेश में हॉकी, फुटबाल सहित दूसरे खेल और इनके खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में बना यह स्टेडियम बदहाली की कगार तक पहुंच चुका है। मैदान के हालात अच्छे नहीं है और खेल विभाग में स्टाफ की कमी इसकी बड़ी वजह बनकर उभरी है।

### बिलासपुर के खिलाड़ी ही प्रवेश से वंचित हो रहे

बहतराई स्थित राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बनाने का उद्देश्य स्थानीय खिलाडियों की खेल प्रतिभाओं को उभारना था। फिलहाल हाल यह है कि बिलासपुर के ही खिलाड़ियों को स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। दरअसल केन्द्र सरकार ने इस स्टेडियम को खेलो इंडिया का केन्द्र बना दिया है। इसके बाद से स्थानीय खिलाड़ियों का प्रवेश लगभग प्रतिबंधित कर दिया गया जबकि खेलो इंडिया का सेंटर स्टेडियम के एक हिस्से में है। हाल यह है कि कोई भी नया खिलाड़ी या खेल से जुड़े लोग स्टेडियम पहुंचते हैं तो उन्हें रोक दिया जाता है। आरोप तो यह भी लग रहे हैं कि स्टेडियम में चल रही गड़बड़ियों को छिपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। यहां पदस्थ कोच और मैनेजर भी इस पर सवाल उठा रहे हैं और सुविधाओं की मांग कर रहे।

- बड़ी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी पुराने किट और ट्रैक सूट में उतर रहे हैं
- सुविधाओं की कमी के कारण कई बेहतर खिलाड़ियों ने हास्टल छोड़ दिया

### बिहार की कंपनी को भोजन का ठेका दिया गया

गौरतलब है कि खेलो इंडिया के तहत यहां ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों को प्रति खिलाड़ी प्रति दिन 380 रुपए केन्द्र की ओर से जरूर दिया जा रहा है लेकिन यहां पदस्थ अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसी भी दिन मीनू का पालन नहीं हो रहा है। खिलाड़ी कह रहे हैं कि जब खाने को ही नहीं मिलेगा तो मैडल कहां से लाएंगे। दूध की जगह पानी मिल रहा है सब्जी के नाम सिर्फ कुछ टुकड़े दिए जा रहे हैं। खिलाड़ियों के मुताबिक पौष्टिकता तो दूर की बात है पेट भर जाए वही बहुत है। खिलाड़ियों के मुताबिक बिहार की किसी कंपनी को भोजन का ठेका दे दिया गया है। यह कंपनी अपना कमीशन पहले निकालती है भोजन पर ध्यान बाद में दिया जाता है।

### सुविधाओं की कमी, खिलाड़ी छोड़ रहे हास्टल

स्टेडियम परिसर के चारों ओर झाड़ियां इतनी हैं कि 10 कदम की दूरी पर खड़े व्यक्ति का दिख पाना मुश्किल है। यहां मुख्य रूप से अफ्रिकन बबूल के पेड़ अधिक हैं। स्टेड़ियम में जहां-जहां निर्माण हुए हैं और जहां तक सीसी रोड बनाई गई है वही स्थान बचे हैं, इसके अलवा पूरे परिसर में अफ्रिकन बबूल के पेड़ों और झाड़ियों का भंडार है।स्टेडियम में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही इनडोर स्टेडियम और हॉस्टलों में भी टाइलेट टूटे-फूटे हैं, जिन्हें अब तक नहीं सुधारा गया है। ध्यान रहे कि महिला हास्टल में 100 खिलाड़ी तो पुरुष हास्टल में 62 खिलाड़ी रहकर ट्रेनिंग ले रहे हैं। सुविधाओं की कमी के कारण कई बेहतर खिलाड़ियों ने अपने आप को इस हास्टल से अलग कर लिया है और भोपाल, बेंगलूरू जाकर ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### मीनू के हिसाब से भोजन देने की कोशिश

खेलो इंडिया के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट का वितरण किया जा रहा है। भोजन का टेंडर किया गया है। मीनू के हिसाब से भोजन देने की कोशिश रहती है। किसी भी खिलाड़ी को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। खेलो इंडिया का केन्द्र है इसलिए नियमों का पालन करना जरूरी है।

**- ए एक्का,** सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण

## आनलाइन ट्रेडिंग के नाम धोखाधड़ी

# वकील से 25 लाख 50 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर वकील से 25 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई।

सकरी पुलिस के अनुसार, सागर होम्स फेस 1 निवासी वकील युगल पटेल 27 साल ने रिपोर्ट लिखाई। अप्रैल 2025 में उनकी मुलाकात कोरबा नरईबोध छत्रपाल पटेल से हुई और उसने आनलाइन ट्रेडिंग का जानकार बताया। छत्रपाल ने व्हाट्सएप पर फर्जी एप और स्क्रीनशॉट के जरिए शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा दिया। उनकी बातों में आकर उन्होंने 17 अप्रैल से 15 अगस्त 2025 के बीच छत्रपाल, उसकी मां गंगा पटेल, पिता मूरली मनोहर पटेल, भाई प्रकाश पटेल के खातों में आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 23 लाख 10 हजार व 2 लाख 40 हजार रुपए नकद उनके घर में छत्रपाल को दिया है। कुछ समय बाद वकील ने रकम मांगे तो छत्रपाल ने कहा पैसा लॉकिंग पीरियड में है और अभी नहीं निकाला जा सकता है। शंका होने पर जांच की गई तो छत्रपाल ने शेयर मार्केट में एक भी पैसा निवेश नहीं किया था। पूरी रकम निजी उपयोग में खर्च कर ठगी की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर छत्रपाल पटेल, गंगा पटेल, मुरली मनोहर पटेल, प्रकाश पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




### भाजपा नेता से 3 लाख की आनलाइन ठगी

कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद मुधबन चौक निवासी भाजपा नेता बंधु मौर्य पिता श्रीराम गुलाम मौर्य 3 सितंबर को शाम 7 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उनके वाट्सएप नम्बर पर छत्तीसगढ़ पुलिस का मोनो लगाकर आरटीओ ई चालान का लिंक भेजा, उनसे व्यक्तिगत जानकारी मांगकर 3 से 9 सितंबर तक उनके एचडीएफसी बैंक सदर बाजार के खाता से 1 लाख रुपए विश्वनाथ गोपे के नाम पर 2 लाख व पंजाब नेशनल बैंक के खाता से 10 हजार कुल 3 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ठगी के फरार मुख्य आरोपी की पत्नी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पैसा डबल करने का झांसा देकर 30 लोगों से 57 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

ज्ञात हो कि सिंधी कालोनी निवासी हीरा भागवानी व उसके सहयोगी मुरली लहेजा ने क्षेत्र के लोगों को उनके प्रोडक्ट को खरीदने पर डबल राशि देने का झांसा दिया गया है। कुछ लोगों ने उनका प्रोडक्ट खरीदे तो लोगों को डबल राशि दी गई। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में लोग लालच में आकर मोटी रकम लगाकर उनका प्रोडक्ट खरीदने लगे। उसके बाद वह डबल राशि देने के लिए लोगों को घुमाने लगा। 30 लोगों से डबल राशि दिलाने का झांसा देकर 57 लाख रुपए की ठगी की गई थी। पुलिस सिंधी कालोनी निवासी हरेश बजाज की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। बुधवार को सिविल लाइन पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी हीरा भागवानी की पत्नी नायरा भागवानी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इसके पहले सहयोगी मुरली लहेजा को गिरफ्तार किया गया था। मुख्य आरोपी हीरा भागवानी अब भी फरार है।

## मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में जमीन चिन्हांकित

# एटीआर: बजट आवंटन ने रोका वनग्रामों का विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में 19 गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया कई वर्षों से चल रही है, जिसमें से तीन गांव का विस्थापन जोगीपुर और भरतपुर में करने का काम शुरु कर दिया गया है, यह प्रक्रिया वन विभाग की ओर से तो पूरी कर ली गई है, लेकिन बजट आबंटन ने इस काम को रोक दिया है।

पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में




255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है। इन परिवार के अगर कोई सदस्य राशि लेना नहीं चाहते हैं तो उस सदस्य को 3 एकड़ जमीन के साथ आवास भी बनाकर देने का निर्णय लिया गया है। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई करने के बाद लैंड डायवर्सन के साथ अन्य कार्य पूरा कर लिया गया है।

### 111 परिवारों को मिलना है आवास

प्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार के एक सदस्य को को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी।

### 16 गांवों का विस्थापन बाकी

पिछले कई सालों से तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के विस्थापन की प्रक्रिया अब तक समाप्त नहीं हुई है। इन तीन गांव सहित कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है।

### 6 गांव की प्रक्रिया खुड़िया व पुडु में

16 गांव के विस्थापन की प्रक्रिया बाकी है। 6 गांव रंजकी, चिरहट्टा, विरारपानी, तिराईडबरा के परिवारों को खुड़िया में और अचानकमार, सारडोल के परिवारों का विस्थापन पुडु में करने के लिए जमीन देखी जा रही है।

### बजट आबंटन नहीं

एटीआर के तीन गांव का विस्थापन मुंगेली वन मंडल के जोगीपुर और भरतपुर में किया जाना है, जो वन भूमि ही है। यहां लैंड डायवर्सन के अलावा उनके लिए किस तरह का घर बनाया जाना है उसके मॉडल और डिजाइन भी बना लिए गए हैं। करीब 111 परिवार हैं, जिन्हें मकान दिया जाना है। यह कार्य अभी बजट आवंटित नहीं होने के कारण रूका हुआ है।

**- अभिनव कुमार**
डीएफओ, मुंगेली

# युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास बुधवार शाम सनसनीखेज वारदात हुई। पान ठेले पर बैठी युवती और उसके भाई पर युवकों ने पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। घटना में युवती का हाथ झुलस गया और दुकान का कुछ सामान जल गया।

सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि नारियल कोठी निवासी संजू ठाकुर शराब के नशे में पान ठेले पर पहुंचा और वहां बैठी युवती से बदसलूकी करने लगा। विरोध करने पर आसपास के लोगों ने उसे और उसके साथियों को भगा दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद संजू अपने साथियों के साथ फिर लौट आया। उसने बोतल में रखे पेट्रोल को दुकान के अंदर डालकर आग लगा दी। इससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई। इसमें युवती का हाथ झुलस गया। आरोपियों की हरकत देख लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान संजू के साथी फरार हो गए, जबकि भीड़ ने संजू को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया और पूछताछ शुरू कर दी है।



गिरफ्तार आरोपी

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने किया विद्यालय में पौधरोपण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा सत्य साईं हेल्प वे नूतन चौक श्रवण बाधित बालिका विद्यालय ममता मिश्रा के स्कूल में मूक बधिर कन्या शाला में आज पौधरोपण एवं पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री एवं फल का वितरण किया। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर ने मानसिक स्वास्थ्य कैसे रहे, कैसे भरपूर नींद लें, आदि विषयों पर चर्चा की। बच्चों की काउंसलिंग की। वहां की शिक्षकों द्वारा सांकेतिक भाषा में बच्चों को समझाया गया। बच्चों से मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। बच्चों ने बहुत ध्यान से उनकी बातों को सुना समझा सीखा। उसे अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रण लिया। बच्चों ने वहां पर विभिन्न गीत संगीत प्रस्तुत किए और अपने विचार इशारों से व्यक्त किया। पौधरोपण किया। इस अवसर पर क्लब की दीप्ति साहू, ज्योति सिंगरौल, डॉ सुरभि राजगीर, रिद्धि मेहता, ज्योति नामदेव, निशा सक्सेना, कामिनी स्वर्णकार, रेणुका स्वर्णकार, शोभा सूर्यवंशी आदि का सहयोग रहा।

### जूना बिलासपुर व्यापारी संघ ने 2500 पौधे वितरित किए




**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ 7 सितंबर को आम जनता को 2500 पौधे वितरित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने पौधरोपण कर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधा वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर, विशिष्ट अतिथि सखाराम देवांगन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राठौर ने कहा कि पर्यावरण के लिए पौध वितरण करना एवं पौधरोपण करना महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा साइबर फ़्राड से बचने के लिए किसी भी प्रकार के लिंक को न खोले ओर न ही किसी को अपना ओटीपी दें। इस तरह की घटना होने पर 1930 डायल कर तुरंत सूचना पुलिस अधिकारी को दे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, अमरजीत सिंह गांधी, चंदूलाल जकयानि, अखिलेश गुप्ता, आनंद साहू, करण रामचंदानी, शिवम, गुरुभक्ष जैसवानी, भरत देवांगन, किशोरी शरण गुप्ता, रमेश गुप्ता, सुरेश देवांगन, राजेश ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

### शांता फाउंडेशन ने सद्गुरु कबीर गुरुद्वारा में किया पंखा डोनेट



**बिलासपुर।** सद्गुरु कबीर गुरुद्वारा में शांता फाउंडेशन ने सीलिंग पंखा डोनेट किया। गौसेवक नीरज गेमनानी ने कहा कि यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सुखद, आरामदायक और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम था। इस सेवा कार्य में डी निहारिका रॉव, राहुल साहू, कान्हा रामनानी, श्रवण घोष उपस्थित रहे।

### नंद कुमार को सेडार बुक यूनिवर्सिटी अमेरिका ने दी पीएचडी



**बिलासपुर।** पंतलजि योग पीठ ट्रस्ट हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक नंद कुमार कर्ष को सेडार बुक यूनिवर्सिटी अमेरिका के द्वारा योग के क्षेत्र में पीएचडी की मानक उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि 6 सितंबर को दिल्ली में इनके द्वारा वर्तमान समय में निःशुल्क योग सिखाया जाता है। वे अभी पंतजलि युवा अध्यक्ष बिलासपुर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### स्पेशल एजुकेटर और संगीत प्रशिक्षक के लिए आवेदन 16 तक

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर अंतर्गत जिले में संचालित 6 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक स्पेशल एजुकेटर एवं 13 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक संगीत प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। यह सेवाएं आगामी 31 मार्च तक ली जाएंगी। इसके लिए पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से 16 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। चयनित स्पेशल एजुकेटर को अधिकतम 20 हजार प्रतिमाह और संगीत प्रशिक्षक को 10 हजार रुपए का मानदेय प्रदान किया जाएगा। आवेदन के लिए स्पेशल एजुकेटर के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में प्राथमिक स्तर के लिए विशेष शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर के लिए विशेष शिक्षा में स्नातक या बी.एड. की डिग्री अनिवार्य है। संगीत प्रशिक्षक के लिए संगीत में स्नातक डिग्री अनिवार्य है। आवेदक जिले में संचालित पीएमश्री विद्यालय में से किसी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 16 सितंबर तक जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला पंचायत भवन, द्वितीय तल बिलासपुर में जमा कर सकते हैं। आवश्यक योग्यता के संबंध में जानकारी भी कार्यालय में चस्पा है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। आवेदन पत्र सीधे स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र डाक, स्पीड पोस्ट, कुरियर से ही स्वीकार होंगे।

**अपराध रोकने रेलवे की पहल** — दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चल रहा कार्य

# 1052 ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेगी तीसरी आंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में अपराधों और यात्रियों की आरामदायक और सुखद सफर पर अब रेलवे के तीसरी आंख की निगरानी रहेगी, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए जोन की सभी पैसेंजर, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के 1052 कोच में अत्याधुनिक सीसी टीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिससे अपराध और अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।



रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों में काफी कार्य किया है। स्टेशन के प्लेटफार्मों पर यात्रियों के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसकी मानिटरिंग जीआरपी और आरपीएफ की टीम करती है। एसईसीआर बिलासपुर जोन के सभी मुख्य बड़े और छोटे स्टेशन सीसी कैमरे से लैस हो चुके हैं। रेलवे स्टेशन से अधिक यात्रियों के साथ अपराधिक घटनाएं चलती ट्रेनों में होती है। महिलाओं से अभद्र व्यवहार से लेकर यात्रियों के सामानों की चोरी, मारपीट, पाकेटमारी सहित अन्य घटना की शिकायत के बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आ पाते हैं। अपराधिक रोकथाम को रोकने के लिए रेलवे ने कुछ मुख्य ट्रेनें वंदेभारत, अमृतभारत के नए कोच को सीसी टीवी कैमरे से लैस कर दिया है। सबसे अधिक घटनाएं एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर, लोकल ट्रेनों में होती है। इसे रोकने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली सभी ट्रेनों के कोच में सीसी कैमरे लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

#### आरक्षित कोचों में 4 और अनारक्षित कोचों में 6 कैमरे लगाए जा रहे

इस आदेश के बाद जोन मुख्यालय के अफसरों ने एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 1052 यात्री कोचों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया है, इससे रेल यात्रा को और अधिक सुरक्षित तथा भरोसेमंद बनाया जा सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लगाए जाने वाले कैमरे कोचों के प्रमुख हिस्सों जैसे कि प्रवेश एवं निकास द्वारों के पास निगरानी के उद्देश्य से इंस्टॉल किए जा रहे हैं। आरक्षित कोचों में 4 और अनारक्षित कोचों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता बनी रहे और साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। रेल मंत्रालय के आदेश के बाद उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का चयन किया जा रहा है, जो कि स्पष्ट वीडियो फुटेज रिकॉर्ड कर सकें और कम रोशनी में भी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने इंडियाएआई मिशन के तहत कैमरों से प्राप्त डेटा के विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई के उपयोग की संभावनाओं को भी गंभीरता से तलाशने का सुझाव दिया गया है।

**कानन पेण्डारी जू के मुख्य गेट पर खनिज न्यास से आडिटोरियम का चल रहा काम**

# 40 लाख का आडिटोरियम, काम पूरे होने से पहले दीवारों पर आ गई दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू के मुख्य गेट पर खनिज न्यास की 39.95 लाख रुपए की राशि से भव्य आडिटोरियम का निर्माण कार्य चार-पांच सालों से किया जा रहा है। इसके पूरा होने से पहले ही दीवारों में दरारें आनी शुरु हो चुकी है।

पहले बिलासपुर वन मंडल में और वर्तमान में कानन पेण्डारी जू का संचालन अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर के अधिकारी कर रहे हैं। कानन पेण्डारी की हालत दिन प्रतिदिन काफी खराब होती जा रही है। पूर्व में प्रदेश स्तर पर कानन पेण्डारी की एक अलग ही पहचान हुआ करती थी। यहां 650 से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को देखने के अलावा भ्रमण करने के लिए शहर और ग्रामीण के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते थे। कानन पेण्डारी जू में केज की हालत तो काफी खराब हो चुकी है। वहीं पुराने स्टॉलों को भी कोरोना काल के समय से ताला बंद कर दिया गया है, जो काफी जर्जर हो चुके हैं। यहां पैसों की बरबादी का ऐसा आलम है कि अपने मन मुताबिक अफसर केवल राशि का दुरपयोग करने के लिए कुछ भी काम कर रहे हैं। इसी तरह का एक काम कानन पेण्डारी जू के मुख्य गेट यानि जिस स्थान पर अंदर प्रवेश के लिए टिकिट बिक्री की जाती है। वहां अंदर प्रवेश करने के बाद बायीं ओर एक आडिटोरियम का निर्माण कार्य पिछले चार-पांच वर्षो से हो रहा है। इस कार्य को जिला खनिज न्यास निधि के व्याख्या केन्द्र क्रमांक विकास व निर्माण के तहत 39.95 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।



मुख्य द्वार की उखड़ी टाइल्स।




#### काम क्यों रोका पता नहीं

प्रबंधन का कहना है कि आडिटोरियम को वन विभाग के विभागीय बजट से नहीं बनाया जा रहा है, बल्कि यह कार्य खनिज न्यास के मद से हो रहा है। इस काम को पहले ठेकेदार ने शुरु तो कर दिया था, लेकिन उसने काम अचानक बंद कर दिया। इसके बाद दूसरे ठेकेदार ने काम की शुरुआत की, जिसे पिछले डेढ़ साल से अचानक बंद कर दिया गया। इस कार्य को बंद कराने की जानकारी अब तक नहीं मिल सकी है।



दीवार पर बन रहा होल।

#### ठीक नहीं था काम तो रोकवा दिया

कानन पेण्डारी जू के अंदर जो आडिटोरियम का निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह हमारे विभागीय मद का नहीं है। आडिटोरियम का प्रोजेक्ट काफी पुराना है। पूर्व में काम ठीक नहीं चल रहा था तो उसे रोकवा दिया गया था। इसे पूरा करने का प्रयास फिर से किया जाएगा। इसके बनने के बाद किसी तरह के कार्यक्रम होंगे यह बाद में तय किया जाएगा।

-गणेश यू आर
डीएफओ, कानन पेण्डारी जू

#### बैठक के लिए बना आडिटोरियम

कानन पेण्डारी प्रबंधन के अनुसार जू के अंदर जो आडिटोरियम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उस कार्य को अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक के लिए किया जा रहा है। आडिटोरियम के अंदर एक स्टेज के अलावा हॉल में सीमेंट की कुर्सियों की तरह डिजाइन बनाई गई है, जिसमें टाइल्स लगाने का काम बाकी है।

#### क्या कार्यक्रम होगा पता नहीं

39.95 लाख रुपए की लागत से कानन पेण्डारी जू के अंदर आडिटोरियम का निर्माण कार्य चार-पांच साल से चल रहा है। यह निर्माण कार्य दूसरे आडिटोरियम को देखकर किया जा रहा है। यहां अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक के अलावा किस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे यह अभी तक तय नहीं हो सका है।

# बिचौलिए के घर छापा, साढ़े तीन क्विंटल चावल जब्त

**हितग्राहियों से खरीदता था राशन दुकान का चावल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिकायत के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने तारबाहर के एक बचौलिए के घर पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बिचौलिए के घर पर दस बोरियों में रखा गया साढ़े तीन क्विंटल चावल जब्त किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार बिचौलिया हितग्राहियों के माध्यम से राशन दुकानों का चावल खरीदता था व अधिक मात्रा इकट्ठा हो जाने के बाद अधिक कीमत पर मार्केट में खपा देता था। इस मामले में अभी खाद्य विभाग की कार्रवाई जारी है।




तारबाहर में यदुनंदन डेयरी के पास स्थित विनायक होम्स नामक बिल्डिंग में रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा हितग्राहियों के माध्यम से राशन दुकान का चावल खरीदा जा रहा था। इस संबंध में सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार की शाम बिल्डिंग में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में टीम को दस बोरियों में साढ़े तीन क्विंटल राशन दुकान का चावल मिला। चावल की जब्ती के बाद पंचनामा बनाकर टिकरापारा के राशन दुकान संचालक राजू खटिक के सुपुर्द किया गया है। छापामार कार्रवाई के दौरान यह जानकारी मिली है कि उक्त व्यक्ति राशन कार्डधारियों से 26 रूपए किलोग्राम की दर पर चावल खरीदता है व बाद में इससे अधिक कीमत पर मार्केट में बेच देता है। इस मामले में खाद्य विभाग की कार्रवाई अभी जारी है।

#### मार्केट में कहां खपाता था चावल? नहीं हुआ खुलासा

खाद्य विभाग की टीम ने बिचौलिए के घर पर छापा मारकर हितग्राहियों से चावल खरीदने व मार्केट में खपाने की बात तो पता लगा ली, लेकिन बिचौलिए से फिलहाल यह जानकारी नहीं ली जा सकी है कि इस काम में वह कब से संलिप्त है व हितग्राहियों से खरीदा गया चावल कहां खपाता है? हालांकि खाद्य विभाग द्वारा अभी इस संबंध में जांच जारी होने व बिचौलिए द्वारा बेचे जाने वाली जगह का पता लगाकर वहां भी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

#### लंबे समय से चल रहा खेल पूरे मोहल्ले को जानकारी

बिचौलिए द्वारा हितग्राहियों से राशन दुकान का चावल खरीदने का काम विगत लंबे समय से किया जा रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर मोहल्ले के लोगों ने बताया कि हितग्राही राशन दुकानों से लिया हुआ अपने नाम का चावल बेचने के लिए बिचौलिए को खोजते हुए उसके घर तक आते हैं। इसकी जानकारी न केवल पूरे मोहल्ले को, बल्कि खाद्य विभाग को भी थी, लेकिन इससे पहले कभी कार्रवाई नहीं की गई।

#### की जाएगी कार्रवाई

हितग्राहियों से खरीदा गया साढ़े तीन क्विंटल चावल एक व्यक्ति के घर से जब्त किया गया है। मामले में अब आगे कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

## पं श्यामलाल चतुर्वेदी के जन्मशताब्दी समारोह के लिए समिति गठित



**बिलासपुर।** पद्मश्री पं श्यामलाल चतुर्वेदी की जन्मशताब्दी समारोह 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर स्मारिका के प्रकाशन, चतुर्वेदी के व्यक्तित्व, कृतित्व व रचना संसार पर साहित्यिक गोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया गया है। स्मारिका के विमोचन के लिए राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव को आमंत्रित करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय सुझाव दिए गए। पं चतुर्वेदी के निवास पर आज बैठक बुलाई गई जिसमें सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया।

आयोजन समिति की बैठक में महापौर पूजा विधानी, छग राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष, बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली, पत्रकार पीयूषकांति मुखर्जी, पत्रकार रूद्र अवस्थी, संयोजक शशिकांत चतुर्वेदी, सूर्यकान्त चतुर्वेदी, प्रचार सचिव अंबर चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

#### समिति में संपादक पत्रकार साहित्यकार शामिल

पद्मश्री पं श्यामलाल चतुर्वेदी जन्मशताब्दी समारोह समिति ने स्मारिका के विमोचन सहित पूरे कार्यक्रम के आयोजन के लिए मार्गदर्शक मंडल का गठन किया है। इसमें पं चतुर्वेदी के साथ पत्रकार रहे सहयोगी, विभिन्न समाचार पत्रों के संपादक, पूर्व संपादक, सार्वजनिक संस्थानों के पदाधिकारी और साहित्यकार शामिल किए गए हैं। इनमें महापौर पूजा विधानी, जगदीश उपासने (रायपुर), ज्ञान अवस्थी (बिलासपुर), दिवाकर मुक्तिबोध (रायपुर), भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक संजय द्विवेदी (भोपाल), हर्ष पांडेय, यशवंत गोहिल, विश्वेष ठाकरे, मनोज व्यास, प्रवीण शुक्ला, बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली, वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार नथमल शर्मा, डा. सुनील गुप्ता, वैभव बेमेतरिहा (रायपुर), हीरामणि शुक्ला (बिलासपुर) संयोजक शशिकांत चतुर्वेदी, सूर्यकान्त चतुर्वेदी, प्रचार सचिव डा. सुषमा शर्मा, अंबर चतुर्वेदी, कर्ण चतुर्वेदी शामिल हैं।

## सीएमडी कॉलेज में छात्रों ने ली एनसीसी में भर्ती

**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय में आज एनसीसी भर्ती अभियान में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भर्ती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। 7 सी जी बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लोकेश देवा ने कहा कि एनसीसी युवाओं के जीवन को दिशा देती है।



अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता ही एक सच्चे कैडेट की पहचान है। जो छात्र आज एनसीसी से जुड़ रहे हैं, वे भविष्य में न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे। रक्षा सेवाओं में जाना ही एनसीसी का एकमात्र लक्ष्य नहीं है, बल्कि अच्छे नागरिक बनना और समाज में सेवा भाव रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।" एनसीसी अधिकारी रोहित लहरे ने एनसीसी का उद्देश्यों और महत्व बताया। भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक मापदंड, दौड़, सामान्य फिटनेस टेस्ट तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न शामिल रहे। सूबेदार लाल सिंह ने कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र सेवा की पाठशाला है। एनसीसी से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने बताया कि यह केवल एक प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अमन दुबे, रोहित लहरे, प्रवीण कुमार साहू, मनीषा मरावी, धीरज कौशिक, विक्रम साहू, प्रशांत डनसेना ,गौरव बिसेन, वी रचना, गौरी दुबे, मुस्कान, सुजेन,आरुषि, हिमेश्वरी, हर्ष, अंश सोनवानी, लकी चंद्रा, सुयश, उमेश खांडे, यशवंत ठाकुर, आर्यन सिंह, पंकज बरेट, दिव्या, कोमल, सूरज कश्यप, टिकेश्वर गुप्ता, निखिल साहू की सक्रिय भूमिका रही।

**धान खरीदी, सड़क मरम्मत, मौसमी बीमारी के प्रति सजग रहें अफसर**

# अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूर्ण करने मांगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अतिरिक्त मुख्य सचिव पिंगुआ ने ली अफसरों की बैठक

अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आज जिला अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य लोगों को मदद देकर उनकी आमदनी का जरिया बढ़ाना है।

योजनाओं की सफलता का मूल्यांकन भी इसी आधार पर किया जाए कि हितग्राहियों के जीवन स्तर पर क्या बदलाव आया है। एक दफा मदद पाने के बाद उनमें इतना विश्वास पैदा हो जाये कि वह अपने दम पर कारोबार संभाल सके। बार-बार उसे सहायता के लिए सरकार या अन्य किसी का मुंह ताकने की नौबत नहीं होना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। श्री पिंगुआ ने कहा कि बिलासपुर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि एवं इससे जुड़े कारोबार पर आधारित है। इसलिए किसानों एवं ग्रामीणों की आमदनी दो-गुनी करने के लिए इस सेक्टर पर ज्यादा जोर देना होगा। उन्होंने खेती-किसानी से जुड़े यूरिया एवं अन्य खाद की आपूर्ति और धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियों की जानकारी ली। बताया गया कि यूरिया खाद की 1050 मीटरिक टन की खेप कल पहुंच रही है। सभी बांध एवं तालाब लबालब भरे हुए हैं। गिरदावरी का काम 90 फीसदी पूर्ण हो गया है। उन्होंने अभी से धान खरीदी की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। सभी पात्र किसानों का पंजीयन हो जाए, इसे देखें। बारदाना, परिवहन आदि सभी कार्य समय रहते कर लिया जाए। श्री पिंगुआ ने जिले में अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूर्ण करने के राज्य सरकार के निर्देशों की जानकारी देते हुए इनका जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने को कहा है। बैठक को एसएसपी रजनेश सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने भी संबोधित किया।



बैठक में चर्चा करते अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ।

# आत्महत्या समाज के लिए अभिशाप : डा. मूर्ति

- सिम्स में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के सभागार में मनोरोग विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति थे। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधीक्षक सिम्स डॉ. लखन सिंह, डॉ मधुमित्ता मूर्ति, डॉ राकेश नहारेल, डॉ. चन्द्रहास ध्रुव एवं डॉ. ज्योति पोर्ते थीं। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम "आत्महत्या पर वर्णन को बदलना है" निर्धारित की है।



प्रस्तावना उद्बोधन डॉ. सुजीत नायक ने दिया। डॉ. गौरी शंकर सिंह एवं डॉ. राकेश जांगड़े ने आत्महत्या रोकथाम पर अपने विचार व्यक्त किए। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने आत्महत्या को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इसके कारणों एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता का आंकलन परीक्षा के अंकों से नहीं, बल्कि अर्जित ज्ञान से होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आत्महत्या न करने तथा इसके रोकथाम के लिए सक्रिय प्रयास करने की शपथ भी दिलाई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने हर कठिन परिस्थिति में धैर्य एवं संयम बनाए रखने और आत्मबल बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस दौरान मनोरोग विभाग के स्नातकोत्तर चिकित्सकों ने लघु नाट्य का मंचन किया गया। वहीं बिलासा नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी नाट्य प्रस्तुति देकर आत्महत्या रोकथाम का संदेश दिया। दर्शकों ने दोनों प्रस्तुतियों की सराहना की।डॉ. नायक ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधांशु भट्ट ने किया।

इसे सफल बनाने में डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. अंशुल गुप्ता, डॉ. प्रियांश, डॉ. अंकिता, डॉ. सत्यस्मिता, डॉ. तुलेश्वर, डॉ. आयुष, डॉ. अलीश, डॉ. किशन आदि का सहयोग रहा।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## विप्र कालेज के कैडेट्स एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप के लिए चयनित

**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स राफिया फातिमा एवं अनुष्का शर्मा का चयन एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 19 सितंबर तक छतरपुर मध्यप्रदेश में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 7 छ .ग. बटालियन की ओर से महाविद्यालय की छात्राएं एमपी व सीजी निर्देशालय का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। एनसीसी कैडेट्स के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए 7 छ .ग. बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देवा, महाविद्यालय की प्राचार्य अंजू शुक्ला, डॉ एमएस तंबोली, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ आशीष शर्मा, प्राध्यापक डॉ मनीष तिवारी, डॉ किरण दुबे, डॉ आभा तिवारी, प्रो. निधिश चौबे, प्रो. ए श्रीराम, डॉ विवेक अम्बलकर, डॉ अजय यादव, डॉ शैलेंद्र तिवारी, प्रो. यूपेश कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ, एन सी सी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं दी है एवं उनके अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा जताई है। विदित हो कि एक भारत श्रेष्ठ भारत एनसीसी कैंप भारत के युवा कैडेटों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जाते हैं। यह शिविर विभिन्न राज्यों के कैडेटों को एक साथ लाते हैं। जिससे वे एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं, भाषाओं और जीवन शैली को साझा कर सके। इन शिविरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद और व्यक्तिगत विकास की गतिविधियों के माध्यम से कैडेटों में राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना जागृत की जाती है।



# आकार लेने लगीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

कोलकाता की मिट्टी, अब इससे मिलेगी मजबूती

## हटरी चौक में महराष्ट्रीयन पैटर्न, महामाया चौक में रथ पर सवार होगी मां दुर्गा

*शक्ति और साधना का शारदीय नवरात्रि महापर्व 22 सितंबर से शुरू हो रहा है, शहर में 500 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना होगी। कलकत्ता के बाद बिलासपुर में ही दुर्गा पूजा को विशेष मनाया जाता है, मूर्ति से लेकर सजावट तक को खास बनाने समिति भव्य तैयारी कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष शहर में हटरी चौक में महराष्ट्रीय पैटर्न पर मांग दुर्गा विराजेंगी वहीं महामाया चौक में रथ पर सवार रहेंगी। तोरवा में नव दुर्गा का स्वरूप नजर आएगा। वहीं हेमूनगर में साउट पैटर्न में मां दुर्गा दिखाई देगी। नवरात्र को लेकर जबरदस्त तैयारी चल रही है। मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने जुट गए हैं, इसमें कोलकाता की विशेष प्रकार की गंगा मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। गंगा मिट्टी सफेद रंग की होती है, जो प्रतिमाओं को आकर्षक बनाती है। नवरात्रि के दौरान शक्ति कि देवी मां दुर्गा की पूजा-अराधना अलग-अलग रूपों में नौ दिनों तक चलती है। यह त्यौहार बिलासपुर में धूमधाम से मनाया जाता है, जिसे लेकर समितियां जोरदार तैयारी में जुट गई है। बंगाली समुदाय के मूर्तिकार मां दुर्गा सहित मां सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश और कार्तिकेय कि मुर्तियां बनाने में जुटे हुए हैं। जिसके लिए विशेष साड़ी व ज्वेलरी पश्चिम बंगाल सहित महाराष्ट्र व गुजरात से मंगाया गया है। खास बात ये है कि बंगाली कलाकारों द्वारा बनाई जाने वाली कलात्मक प्रतिमाओं की मांग को बढ़ता देख स्थानीय मूर्तिकारों ने भी बंगाल से कारीगर बुलाना शुरू कर दिया है।





### पिछले वर्ष से कीमत में 10 प्रतिशत वृद्धि

मूर्तिकार अजय प्रजापति ने बताया कि उन्होंने भी प्रतिमा निर्माण के लिए बंगाली कलाकार बुलाए हैं। एक मूर्तिकार ने बताया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में 5 से 18 फीट तक की प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। इनकी लागत 20 हजार से 1 लाख 50 हजार तक भी है। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष प्रतिमाओं के दामों में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### वस्त्र, शस्त्र और आभूषण भी कोलकाता से आएंगे

मूर्तिकार अमित सूत्रधर ने बताया कि देवी प्रतिमा को धारण कराने वाले आभूषण, उनके शीश के बाल, शस्त्र भी कोलकाता से ही मंगाए जाते हैं। वहां के दुकानदार देवी प्रतिमा के वस्त्र और आभूषण को गुणवत्ता और बदलाव के प्रति अधिक जागरूक हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार मूर्ति की मांग बहुत अधिक हर बार की अपेक्षा शहर में अधिक प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है।

महोत्सव

## 40 दिवसीय सुखमनी साहिब पाठ प्रसाद का किया गया वितरण



**बिलासपुर।** शनिचरी पड़ाव स्थित भाई वरयाराम दरबार में गुरुद्वारा प्रबंधक भाई अमरलाल, कोमल वाधवानी के सानिध्य में समाज के इष्ट देव सांई झूलेलाल की 40 दिवसीय सुखमनी पाठ साहिब का समापन हुआ। समाज के वरिष्ठ रूपचंद डोडवानी ने बताया कि 40 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन सुबह-शाम सांई झूलेलाल की आरती, अरदास कर प्रसाद वितरण किया जाता रहा। महिला संगतों ने प्रतिदिन शाम पांच से सात बजे तक सुखमनी साहिब का पाठ श्रद्धा भक्ति के साथ सत्संग, कीर्तन के साथ किया। समापन पर भाई वरियाराम दरबार में गुरु का दीवान सजाया गया। इस अवसर पर चकरभाठा के भाई गोपीचंद धीरवानी ने भक्ति संगीत प्रस्तुत किया और कहा कि परिवार में यदि भक्ति का वातावरण रहता है तो सुख, शांति, समृद्धि अपने आप आती है। परिवार में छोटों को अपने बड़ों का आदर करना सीखना चाहिए।

# युवाओं, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



अग्रवाल महिला व अग्रवाल नवयुवक समिति के कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह उत्साह से मनाया जा रहा है। हर दिन अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल नवयुवक समिति द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नवयुवक समिति ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें सभी आयु वर्ग को मिलाकर लगभग 150 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा दिखाई।

कार्यक्रम में बिलासपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अग्रवाल समाज के युवक-युवती, बच्चे, महिलाएं खेलों में आगे हैं। प्रतिभागी सभी बच्चों व युवाओं ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अपनी कुशल बुद्धि का परिचय दिया। इन सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार का वितरण 22 सितंबर को समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के हाथों किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ आयुष अग्रवाल, अभिनय, धीरज अग्रवाल, प्रत्यूष गर्ग, देवेश नोपानी का सहयोग रहा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मोनिल निशानिया, सुनील सोंथालिया, ओम मोदी, चतुर्भुज, अनिल, मनीष अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुनील सुल्तानिया, अन्नय बजाज, कपिल, अंशुमान, विपिन, अश्विन जाजोदिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, नमन मोदी, भावेश अग्रवाल, गौतम अग्रवाल, अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया सहित समाज के अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# भाषण, चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता व परिचर्चा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में परिचचार विकसित विषय पर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो यूके श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की जबकि पूजा विधानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य विशिष्ट अतिथि और डॉ आर के सचदेव कार्यक्रम के संयोजक के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ के भविष्य के विकास और प्रगति पर चर्चा की गई। अध्यक्षीय उदबोधन में प्रो यू के श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, उन्होंने अपने उद्बोधन में ज्ञान की अभिकल्पना के सहभागीता को व्यक्त किया है। विशिष्ट अतिथियों महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य और प्रो आर के सचदेव ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छत्तीसगढ़ के विकास में महाविद्यालय की भूमिका पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विकास के लिए विचारों को साझा करना और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने छत्तीसगढ़ के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा भाषण, चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता और परिचर्चा के प्रतिभागियों को स्मृति स्वरूप सामान्य ज्ञान की पुस्तक और पेन भेंट किए गए। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो कृतिका साहू और प्रो. सिद्धांत शर्मा ने किया और डॉ बीके त्रिपाठी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रेमलता वर्मा, डॉ बी के त्रिपाठी, डॉ संजय धनवानी, डॉ रामेश्वरी बंजारा, प्रो प्रकाश त्रिपाठी, ज्योति यादव, डॉ श्वेता श्रीवास, डॉ अविनाश ठाकुर, मीनाक्षी निर्मलकर, जी आर सलाम सहित बड़ी संख्या में छात्रगण उपस्थित रहे।

## सिंधु सभा मंच के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

**बिलासपुर।** झूलेलाल मंगलम में भारतीय सिंधु सभा की इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय सिंधु सभा राजेश वाधवानी मुंबई, कार्यक्रम अध्यक्ष अध्यक्ष पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत विनोद मेघानी व अति विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी की मौजूदगी में हुआ। मुख्य अतिथि राजेश वाधवानी द्वारा समाज मे आ रही कुरुतियों के प्रति सचेत रहते हुए अपनी संस्कृति व सभ्यता की रक्षा करने पर बल दिया। अतिविशिष्ट के तौर पर शामिल हुई महापौर पूजा विधानी द्वारा समाज के मेघावी बच्चों को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत बिलासपुर, व सभी 17 वार्ड पंचायत के अध्यक्ष, पदाधिकारी, एवं सेन्ट्रल युवा विंग, के साथ सभी सामाजिक संस्थाए, शहर के गणमान्य नागरिक भी सम्मलित हुए। इस दौरान अर्जुन तीर्थनी, रमेश लालवानी, हरीश भगवानी, हुंदराज मल जैसवानी, किशोर गेमनानी, नानक खाटूजा, मनोहर पमनानी, नारायण उभरानी, प्रताप राय आयलानी, मोहन जैसवानी, जगदीश जग्यासी, अमर चावला, डा सतीश छुगानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



धर्म-क्षेत्र

## वसुंधरा ने किया कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में पितृ पक्ष पर दान



**बिलासपुर।** पितृ पक्ष में दान का बड़ा महत्व है। लोग अपने पितरों की याद में उनके निमित्त निरंतर दान-पुण्य कर रहे हैं। इसी क्रम में लायंस क्लब वसुंधरा ने कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में सभी माताओं को साड़ियां, फल एवं मिठाइयां दी। यह सेवा कार्य अणिमा मिश्रा ने डिस्ट्रिक्ट की सेवा गतिविधियों के अंतर्गत किया। इस मौके पर अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार की उपस्थिति रही।

स्पोर्ट्स

## ताइक्वाण्डो में तिफरा स्कूल के जयप्रकाश को मिला गोल्ड मेडल



**बिलासपुर।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो में मन्नाडोल तिफरा स्कूल के छात्र जयप्रकाश टण्डन ने अपने प्रतिद्वंदी को अंकों के आधार पर पराजित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। जयप्रकाश खेल के साथ ही पढ़ाई में भी प्रतिभावान है। वे अपने आसपास के बच्चों को ताइक्वाण्डो का प्रशिक्षण भी देता है। विद्यालय समिति के सचिव राजेन्द्र मौर्य, प्राचार्या रजनी मौर्य एवं विद्यालय के शिक्षकों ने उनके इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कार्नर न्यूज

## आरक्षक भर्ती परीक्षा 14 को, प्रवेश-पत्र जारी, दो घंटे पहले पहुंचना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ व्यापमं (छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर) ने जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। परीक्षा 14 सितंबर 2025 (रविवार) को होगी। परीक्षा का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक रहेगा। कुल 100 अंकों की परीक्षा होगी, जिसमें माइनस मार्किंग नहीं होगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। साफ निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्र पर बिना फोटोयुक्त एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि) के प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर मुख्यालय में केन्द्र बनाए गए हैं। ध्यान रहे कि आरक्षकों की भर्ती के लिए प्रथम चरण की दक्षता परीक्षा अक्टूबर 2023 में पूर्ण हो चुकी है। भर्ती प्रक्रिया का विज्ञापन 4 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था। प्रथम चरण में दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा केंद्र में परीक्षा समय से 2 घंटे पहले पहुंचे। एंट्री गेट पर फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) होगी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल, कैलकुलेटर, इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पर्ची, बैग, बेल्ट, टोपी आदि वर्जित रहेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले और समाप्ति के आधा घंटा पहले प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल काला या नीला बाल पॉइंट पेन लेकर ही जाएं। फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।




आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती

## अब 18 तक रजिस्ट्रेशन का मौका

**बिलासपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती के लिए आवेदन की लास्ट डेट 18 सितंबर 2025 तक एक्सटेंड कर दी गई है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और किसी कारणवश अभी तक फॉर्म नहीं भर सके हैं बिना तुरंत ही बिना लेट किये हुए आरआरबी चंडीगढ़ की ऑफिशियल वेबसाइट rrbcdg.gov.in पर जाकर फॉर्म भर लें। 18 सितंबर के बाद एप्लीकेशन विंडो क्लोज कर दी जाएगी। पैरामेडिकल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से संबंधित क्षेत्र में बीएससी, डिप्लोमा, आदि किया हो। इसके साथ ही उम्मीदवार की न्यूनतम आयु पदानुसार 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। आवेदन से पहले अभ्यर्थी पात्रता एवं मापदंड से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।




### आवेदन फीस, भर्ती विवरण

आवेदन के साथ ही जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपए जमा करने होंगे, वहीं एससी, एसटी, पीएच एवं महिला अभ्यर्थियों को 250 रुपए का भुगतान करना होगा। शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जा सकता है। आरआरबी पैरामेडिकल के तहत आने वाले विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट 272 पद, डायलिसिस टेक्नीशियन 4, हेल्थ व मलेरिया इंस्पेक्टर 33, फार्मासिस्ट 105, रेडियोग्राफर एक्स-रे टेक्नीशियन 4, ईसीजी टेक्नीशियन 4 व लेबोरेटरी असिस्टेंट टेक्नीशियन 12 पद आरक्षित हैं।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ लाख परिवारों को नल कलेक्शन

**मुंगेली।** जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के 133 ग्रामों को 'हर घर जल' ग्राम घोषित कर ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जा चुका है। शेष ग्रामों में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को पूर्ण कर हर घर जल ग्राम घोषित किया जाएगा। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन सिंह राणा ने बताया कि, अब तक जिले के 216 ग्रामों के 1 लाख 48 हजार 836 परिवारों को नल कलेक्शन दिया जा चुका है और स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिले के सभी 674 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रक्रिया लगातार जारी है।

### शिक्षक का संलग्नीकरण समाप्त करने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** जिले के ग्राम घोरपुरा की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक का निर्वाचन कार्य हेतु एसडीएम ऑफिस में संलग्नीकरण किया गया था, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद भी उनका संलग्नीकरण समाप्त नहीं किया गया है। ये पिछले 2 वर्षों से एसडीएम कार्यालय में संलग्न है, जबकि इनका वेतन शिक्षा विभाग से बनता है। ग्राम घोरपुरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कुल 105 बच्चों की संख्या है, प्रवीण साहू अंग्रेजी के शिक्षक हैं एवं उनके न रहने से शिक्षक की कमी हो रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में बृजेश सिंह के नेतृत्व में ग्राम घोरपुरा के ग्रामवासियों ने शिक्षक प्रवीण साहू का संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु ज्ञापन दिया।

## निधन

### सुनील शर्मा



**बिलासपुर।** रिटायर्ड रेंजर सुनील शर्मा का 10 सितंबर को शाम 8 बजे देहांत हो गया। इनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। वे प्रदीप शर्मा के बड़े भाई एवं अंकुर व अंशुमन शर्मा के पिता थे।

### सिया दुलारी बाजपेयी



**बिलासपुर।** कुदुदंड निवासी सिया दुलारी बाजपेयी का 10 सितंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पं रामकृष्ण बाजपेयी की पत्नी, पं संतोष बाजपेयी की माता थीं।

### डॉ अजय साहू



**बिलासपुर।** महामाया नगर वार्ड 64 (बिरकोना) निवासी डा. अजय साहू का निधन हो गया। वे 29 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्षद उधो राम साहू के पुत्र थे।

### सुखदेव निर्णेजक



**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी सुखदेव निर्णेजक का 10 सितंबर को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे, जिनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके गृह ग्राम में किया जाएगा। वे सुजीत निर्णेजक के भाई एवं प्रदीप, संदीप के पिता थे।

### शकुन लहरे



**मोपका।** समीपस्थ ग्राम भदौरा (मस्तूरी) निवासी समाजिक कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद लहरे की धर्मपत्नी शकुन लहरे का 56 वर्ष की आयु में मंगलवार 9 सितंबर को हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।

### तीन लाख से अधिक बताई जा रही लकड़ी की कीमत

# सागौन से लदा पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

चचेड़ी क्षेत्र में सागौन तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने सागौन लकड़ी से भरे एक पिकअप को जब्त कर लिया। जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 3 लाख रुपए आंकी जा रही है। खुड़िया वनपरिक्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि, लकड़ी तस्कर जंगल से सागौन पेड़ काटकर एक पिकअप वाहन के माध्यम से तस्करी करने की फिराक में हैं। सूचना पर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने मंगलवार देर रात ग्राम चचेड़ी में दबिश देकर 13 नग सागौन के लट्ठे सहित पिकअप सीजी 10 सी 6853 को जब्त कर लिया।

आगे की कार्रवाई के लिए उक्त वाहन को कारीडोंगरी कार्यालय लाया गया। बताया जा रहा है कि, तस्कर हथियारों से लैस थे, जिसकी जानकारी मिलने पर टीम ने पूरी तैयारी के साथ मौके पर दबिश दी। वाहन एवं लकड़ी को जब्त कर वन विभाग की टीम वन्य अधिनियम के तहत कार्रवाई कर वाहन को राजसात की तैयारी में जुटी है। फिलहाल पिकअप वाहन के मालिक की तलाश में जारी है।



#### जल्द होंगे गिरफ्तार

सागौन से लदी एक पिकअप वाहन को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। लकड़ी लगभग ढाई घन मीटर है, जिसका बाजार मूल्य 3 लाख से ऊपर आंका जा रहा है। जल्द ही तस्कर सालाखों के पीछे होंगे।

**– रुद्र कुमार राठौर,** वनपरिक्षेत्र अधिकारी



### 17.4 लीटर शराब सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

ग्राम पैजनिया में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 17.4 लीटर अवैध शराब जब्त कर 3 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा व असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम पैजनिया में दबिश देकर 3 शराब तस्कर संजय कश्यप पिता श्रवण कश्यप 35 वर्ष, मालती कश्यप पति दशरथ 38 वर्ष एवं मानकी उर्फ भूरी कश्यप पति रामकुमार 50 वर्ष निवासी पैजनिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 नग प्लेन देशी मदिरा कीमती 2 हजार 400 रूपए एवं 12 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1 हजार 800 रूपए को गवाहों के समक्ष जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2)59 (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

#### जीपीएम जिले के प्रवास पर रहीं पंडरिया विधायक

# जीएसटी रिफॉर्म से आमजन किसानों को लाभः भावना

**गौरेला।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए सरलीकरण को लेकर जीपीएम भाजपा ने गौरेला में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में पंडरिया विधायक भावना वोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी के चार से दो स्लैब कर 140 करोड़ देशवासियों को दीवाली पर बड़ी राहत दी है।

जीएसटी काउंसिल ने पुराने जीएसटी में रिफॉर्म कर बड़े बदलावों को मंजूरी दी। वस्तु और सेवाओं में अब केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लगेगा। वहीं 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का स्लैब खत्म हो गया है। जीएसटी काउंसिल में यह फैसला सर्वानुमति से हुआ है। पूरे देश में दो स्लैब वाली जीएसटी 22 सितंबर से लागू होगी। इस नई जीएसटी में किसानों एवं महिलाओं को राहत मिली है। दैनिक उपयोग की चीज में जीएसटी 18 से 5 एवं घरेलू समानों में 12 से 5 प्रतिशत किया गया है। कुल 35 उत्पादों पर अब जीएसटी नहीं लगेगा, छात्रों को राहत देते हुए एक्सरसाइज बुक, ग्राफ बुक, रबर, लेबोरेटरी नोटबुक और अन्य नोटबुक्स पर शून्य टैक्स होगा।

कई जीवन रक्षक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। पत्रकार वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, महामंत्री कुबेर सिंग सर्राटी, किशन ठाकुर, डॉ लुशन सिंह राठौर, सह प्रभारी तापस शर्मा, कुलदीप सिंह धीरज, राजकुमार रोहणी, सचिन जैन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।




पत्रकारों से चर्चा करतीं विधायक भावना वोहरा।

# तेज रफ्तार का कहर, चार गौवंशों की मौत

**लोरमी।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक चालक ने सड़क पर बैठे 5 मवेशियों को कुचल दिया, जिसमें चार गौवंशों की दर्दनाक मौत हो गई एवं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की शिकायत दर्ज कर पुलिस विवेचना में जुट गई।

पुलिस से मिली जानकारी के आनुसार, जूनापारा चौकी क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में मंगलवार को शाम 7:30 बजे कोटा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक सीजी 28 बी 6689 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पांच मवेशियों को कुचल दिया। घटना में चार गौवंशों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई एवं एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी गोयल पेट्रोल पंप के पास ट्रक खड़ा कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर शिवसेना के जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, विधानसभा प्रभारी रामलला श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक श्रीवास के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचे एवं घायल बछड़े का उपचार कराया गया। शिवसैनिकों ने हादसे का सीसीटीवी वीडियो चौकी प्रभारी को सौंपा, जिसके आधार पर धारा 281,325 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया। इस अवसर पर रमेश साहू, गुरुदेव ध्रुव, अजय मानिकपुरी, जलेश्वर साहू, भारत यादव, जितेन्द्र राजपूत, मधुसूदन श्रीवास, मयंक सहि अन्य शामिल रहे।



#### की जा रही जांच

शिवसैनिकों की रिपोर्ट पर उक्त वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

**– संजीव ठाकुर,** जूनापारा चौकी प्रभारी

### राशि बकाया होने पर भी दुकान पर निर्माण कार्रवाई की मांग

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत गनियारी के माध्यम से आवंटित दुकान की राशि बकाया होने के बावजूद दुकान पर अवैधानिक रुप से निर्माण कराने को लेकर लेकर पूर्व सरपंच जितेंद्र राज ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत गनियारी की ओर से पंचायत भवन के सामने व्यवसायिक परसिर का निर्माण करवाया गया था। परिसार में गांव के व्यक्ति अंकित कौशिक, पवन कौशिक, रामायण कौशिक को दुकानें आवंटित की गई थीं। इन लोगों ने दुकान निर्माण के पूर्व कुछ राशि पंचायत मे जमा कराई थी, लेकिन लगभग दो लाख की राशि अभी तक पंचायत में बकाया है। राशि बकाया होने पर दुकानों का निर्माण कार्य पंचायत के पूर्व सरपंच के द्वारा रोका गया था, लेकिन इन लोगों ने दुकान में प्लास्टर कर शटर लगा दिया है। शासकीय दुकान में अपनी मर्जी से निर्माण कराने पर पूर्व जितेंद्र राज ने इन तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने एवं बकाया राशि को वसूल कर पंचायत मे जमा कराने की मांग कलेक्चर से की है। साथ ही मांग की गई है कि, राशि जमा नहीं करने पर इन्हे आवंटित दुकानों को निरस्त करने का आधिकार सरपंच सचिव को दिया जाए।

# विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ हम अग्रसरः नवीन

**मुंगेली।** आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके, रेट को कम करके करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। ये बातें विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय ने कही।

इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी उपस्थित रहे। श्री मार्कण्डेय ने आगे कहा कि, यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, एक विकसित अर्थव्यवस्था में कर दाता अधिक और टैक्स की दर कम होना चाहिए, इसी लक्ष्य को हासिल किया है जीएसटी ने। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.5.1 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपए रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6 हजार 200 करोड़ रुपए मिले हैं। यह प्रोत्साहन मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के नेतृत्व में किए श्रेष्ठ आर्थिक प्रबंधन का उदाहरण है। इस दौरान प्रदेश मंत्री विद्या सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, सुनील पाठक उपस्थित रहे।




जीएसटी स्लैब की जानकारी देते भाजपा महामंत्री।

### दो पक्षों में गाली गलौज मारपीट मामला दर्ज

**तखतपुर।** ग्राम देवतरी निवासी चंदन सिंह ठाकुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, उसके भाभी प्रिया की पड़ोसन पुत्रीबाई पिछले दो दिनों से प्रिया को गंदी-गंदी गालियां दे रही थी। चंदन ने पुत्रीबाई से गाली-गलौज का कारण पूछा, तो वह उससे बहस करने लगी। इसके बाद पुत्रीबाई के बेटे प्रमोद सिंह, दिवाकर सिंह, अतुल सिंह सहित अन्य ने गाली गलौज करते हुए चंदन के साथ डंडे से मारपीट कर दी। वहीं संगीता ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, इसी रात करीब 9 बजे चंदन तथा प्रियांशु शराब के नशे में मेरे घर के सामने आकर गाली-गलौच कर रहे थे एवं घर के वाले दरवाजे को हिला रहे थे। जब मैंने दोनों को ऐसा करने से मना किया तो वे मेरे साथ विवाद करने लगे। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

### सेजेस के विद्यार्थियों ने दिखाया दम भव्य नेशनल के लिए चयनित



**सीपत।** स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल सीपत के छात्रों ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो एवं फेंसिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र और जिले का मान बढ़ाया। पेंड्रा में 1 से 4 सितम्बर तक आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग में विद्यालय से 2 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें भव्य वस्त्रकार ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की। वहीं भावना पाटनवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। दुर्ग के पाटन में 4 से 7 सितम्बर तक आयोजित फेंसिंग प्रतियोगिता में सेजस सीपत के कुल 18 प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक और दो कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्वर्ण पदक के विजेता प्रकाश बंजारे, अंशु साहू, मयंक साहू, तुषार साहू व कांस्य पदक के विजेता आर्यन साहू, अवंतिका टेंगवार रहे। विद्यालय की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रभारी प्राचार्य सरिता यादव ने कहा कि, यह उपलब्धि हमारे बच्चों की मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। प्रभारी प्राचार्य ने विशेष रूप से विद्यालय के व्यायाम शिक्षक केपी कश्यप एवं सौरभ जायसवाल के योगदान की सराहना की।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय कुमार मंगवानी, पिता स्व. श्री सनमुख दास मंगवानी, निवासी ई-5, वार्ड नं. 01, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम अजय कुमार मंगवानी को त्याग कर नया नाम अजय मंगवानी रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अजय मंगवानी पिता स्व. श्री सनमुख दास मंगवानी से ही जाना एवं पहचाना जाये।

**अजय मंगवानी**
**पिता स्व. श्री सनमुख दास मंगवानी**
**ई-5, वार्ड नं. 01,**
**मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भावना मंगवानी (Bhawana Mangwani), पिता श्री अजय मंगवानी, निवासी ई5- वार्ड नं. 01- मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम भावना मंगवानी (Bhawana Mangwani) को त्याग कर नया नाम भावना मंगवानी (Bhawna Mangwani) रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम भावना मंगवानी (Bhawna Mangwani) पिता श्री अजय मंगवानी से ही जाना एवं पहचाना जाये।

**भावना मंगवानी**
**(Bhawna Mangwani)**
**पिता श्री अजय मंगवानी**
**ई5- वार्ड नं. 01- मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना इकरारनामा**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मन के मैं श्रीमती किरणकला उम्र पति श्री केदार नाथ निवासी ग्राम ढनढन तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 356628318890 मेरे स्वयं कि स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि मौजा ढ़नढ़न प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. व तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नं. 731 / 4. (शामिल खसरा नंबर 732/2), रकबा 0.6030 हे. को खरीदने का पक्का सौदा क्रेता श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव पिता श्री नारायण प्रसाद श्रीवास्तव निवासी बसना वार्ड नं. तह. बसना जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ के द्वारा किया जा चुका है। एवं बयाना राशि दी जा चुकी है।

इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, शासकीय/अर्धशासकीय निकाय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

भवदीय
श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव
पिता श्री नारायण प्रसाद श्रीवास्तव

**आम सूचना**

आम साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पिता ठाकुर प्रसाद गुप्ता निवासी-गोड़पारा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि मौजा ग्राम-महमंद प.ह.नं 44 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) खसरा नं- 62/84 रकबा 5380 वर्गफुट एवं खसरा नं-62/78 में से रकबा 795 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार क्रं 1 श्रीमती सुभ्रा राय पति अपूर्बा राय, क्रं 2 पार्थ प्रतीम राय पिता अपूर्व राय दोनों निवासी शंकरनगर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं क्रं 3 मनीषा दत्ता पति समर दत्ता निवासी बंगालीपारा सरकण्डा, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा किया गया है, एवं शीघ्र ही उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना हैं।

इस बाबत किसी बैंक, संस्था, शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हैं तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकता है तथा इसके बाद की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें दिनांक: 10/09/2025

भवदीय
(संजय गलपांडे) अधिवक्ता
हेमूनगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827157907

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

क्रमांक //क/वा/अति.तह. /2025
सकरी दिनांक 10/9/2025

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बल्लू राम पिता धनसाय निवासी अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदक के अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म.व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 255/5 रकबा 0.0080 हे. भूमि का ऑनलाईन अभिलेख में मालिक राम पिता धूरसाय विक्रेता के नाम पर दर्ज दिखा रहा है जिसे सुधार कर क्रेता/आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में अनावेदक मालिक राम पिता धूरसाय एवं उनके वारिसानों किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो इस संबंध में वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/9/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

प्रोसेस क्रमांक 498/2025
पेशी ता. 17.09.2025
प्र.क्र. 4/2025
जारी दिनांक 9.9.2025

(1) रंजीता चौहान उम्र 45 पति मुकेश निवासी पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)
(2) भारतीय स्टेट बैंक
आम जनता जिससे संबंधित हो।

आवेदिकागण द्वारा अपनी माँ श्रीमती मुन्नी स्वीपर का भारतीय स्टेट बैंक शाखा चकरभाठा खाता क्रमांक 11292919700 में जमा राशि 526132 रूपये का उत्तराधिकार के तहत न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था या फर्म को इस पर हित हो दिनांक 17.09.2025 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते है बाद में किया गया दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।

**(आकांक्षा सक्सेना)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन कराने हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं बृहस्पति बाई महरा आयु 45 वर्ष पति श्री राजकुमार महरा, निवासी वार्ड नंबर 41, चिंगराजपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नंबर 956450232954 पर मेरा नाम त्रुटिवश राजकुमारी पति राजकुमार महरा दर्ज हो गयी है। जबकि मेरे अन्य औपचारिक दस्तावेजों पर मेरी वास्तविक नाम बृहस्पति बाई महरा पति राजकुमार महरा दर्ज चले आ रहीं है। जिसके अनुसार मैं अपने आधार कार्ड पर राजकुमारी पति राजकुमार महरा के स्थान पर सही नाम बृहस्पति बाई महरा पति श्री राजकुमार महरा नाम परिवर्तन कराना चाहती हूं। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक को कोई भी आपत्ति हो तो इस नाम परिवर्तन आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर आना आपत्ति पेश नीचे दिये गये पते पर कर सकते है। सो सूचना जाने।

दिनांक 10/09/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
(बृहस्पति बाई महरा)
मो.नं. 9174136651

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा अमेरी गोकुलधाम रोड, गीता पैलेस के पास उस्लापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 42/28 रकबा 2160 वर्गफुट, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में विक्रेता निहारिका जॉन पति श्री अभिषेकर जॉन के नाम के नाम पर दर्ज चले आ रही है, जिसे क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम धनराशि प्रदान की जा चुकी है तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय /बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना दस्तावेज सहित आपत्ति नीचे दिये गये पते पर किया जा सकता है, नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री करा लिया जायेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 10/09/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
(सुशील कश्यप) क्रेता
पता-सांई नगर वार्ड नंबर-03 उस्लापुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9098085221

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख रियाजुद्दीन पिता शेख समसुद्दीन जाति मुसलमान निवासी साकिन वार्ड क्रमांक 07, मोमिन मोहल्ला बरेला नगर पंचायत बरेला तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. का हूँ जो कि आधार कार्ड पर मेरा नाम त्रुटि व भूलवश में मेरा नाम रियाज खान पिता शेख समसुद्दीन दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम शेख रियाजुद्दीन पिता शेख समसुद्दीन है, जो कि पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र व अन्य शासकीय दस्तावेजों पर दर्ज है। अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम शेख रियाजुद्दीन पिता शेख समसुद्दीन रखना चाहता हूँ और अब मैं इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाना चाहता हूँ। अब से मेरे समस्त शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जमा भी मेरा नाम रियाज खान पिता शेख समसुद्दीन दर्ज है, उसे संशोधन कर शेख रियाजुद्दीन पिता शेख समसुद्दीन दर्ज कराना चाहता हूं। जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शेख रियाजुद्दीन
पिता शेख समसुद्दीन
निवासी साकिन वार्ड क्रमांक 07, मोमिन मोहल्ला बरेला नगर पंचायत बरेला तहसील जरहागांव जिला मुंगेली
छ.ग. 9893829426

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार आशीष कुमार सोनी पिता स्व. श्री कैलाश प्रसाद सोनी, निवासी गोंडपारा, बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर तथा उनके निर्देशानुसार यह आमसूचना प्रकाशित करवा रहा हूं कि मौजा गोंड़पारा स्थित नजूल भूमि शीट नं. 30 प्लाट नं. 22 रकबा 1325 वर्गफुट जो कि समस्त राजस्व अभिलेखों में श्रीमती मोपर्ति श्रीलवनिया पति योगेन्द्र, निवासी पट्टाभिपुरम (गुन्टुर) आंध्रप्रदेश, गारापाटी शरदचन्दर पिता गारापाटी वेंकटेश्वर राव निवासी विशाखापट्नम आंध्रप्रदेश एवं गारापाटी भरतचन्दर पिता गारापाटी वेंकटेश्वर राव निवासी रामकृष्णपुरम एलुरू आंध्रप्रदेश के नाम में दर्ज है। यह कि उक्त भूमि में से रकबा 630 वर्गफुट को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है। जिसकी रजिस्ट्री भविष्य में मेरे पक्षकार द्वारा करवाया जाना है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में यदि किसी वित्तीय संस्थान, सरकारी गैरसरकारी बैंक अथवा व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मयदस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवाने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 10.09.2025

भवदीय
बैकुण्ठनाथ श्रीवास्तव, अधिवक्ता
सुभाष नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9907936803

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....... ग्राम चितावर प.ह.नं. 30
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
प्रति,
हसताराम सिंगरौल बनाम छ.ग. शासन

एतद् द्वारा ग्राम चितावर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हसताराम सिंगरौल पिता ढोलाराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम चितावर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने बड़ी मां कंचन बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपने बड़ी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने बड़ी मां का मृत्यु दिनांक 14/05/2005 को ग्राम चितावर प.ह.नं. 30 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 16/9/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तखतपुर**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 08/09/2025

प्रति, संजय कुमार हीराधर 2 विमेश लाल 3 सुदेश पाल 4 हिमील्टन थामस 5 विरिन्द्र साय टोप्पो 6 जैन प्लाजा 7 मेसोरिक हाल 8 सेंट जोसफ कार्न. स्कूल 9 अरपा काम्पलेक्स अन्य संबंधित हितबद्ध पक्षकार
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 19/08/2025

आवदेक संजय कुमार हीराधर निवासी बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-554/2-रकबा के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 16/09/2025 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवे। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:- (उक्त भूमि चर्च ऑफ ख्राईस्ट मिशन की है सीमांकन हेतु टीम गठित है।
1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिल्हा, जिला बिलासपुर छ.ग.
रघुवीर वगैरह ................वादीगण
बनाम
रेवती बाई वगैरह...............प्रतिवादीगण
प्रो.क्र. 172/2025, व्य.वाद. क्र. 04/2025
आदेश दिनांक 26/07/2025
पेशी तारीख 29/09/2025

प्रति, रेवती बाई पिता रामचन्द्र माता गायत्री बाई उम्र लगभग 45 वर्ष जाति लोधी निवासी ग्राम हथलेवा तहसील कवर्धा जिला कवर्धा छ.ग. वर्तमान पता छोटेकोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

वादी रघुवीर वगैरह ने आप लोगो के विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा एवं न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के रा.प्र.क्र. 202109075100010/अ-6/2020-21 ग्राम बोदरी के आदेश को शून्य किये जाने हेतु वाद संस्थित किये है। आप लोगो को इस न्यायालय में तारीख 26.08.2025 को दिन के 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए नोटिस किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो सब प्रश्नों का उत्तर दे सके आप लोगो को यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा लिखित कथन दाखित करें और ऐसा सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिवावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें आपकों सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और निपटारा आप लोगो की अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 26.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**कु. रश्मि मिश्रा**
**प्रथम व्य. न्या. कनिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर के न्या. के अधि.न्या.**
**तह. बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान प्रशिक्षण



**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में आयोजित दो दिवसीय 'आदि कर्मयोगी अभियान' प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण अभियान के द्वितीय दिवस पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त महेन्द्र खाण्डेकर ने जानकारी दी कि, इन ग्रामों में ग्राम स्तर पर दस्तावेज तैयार कर समग्र ग्राम विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसके लिए जनपद सभा कक्ष लोरमी में विशेष ब्लॉक प्रोसेस लैब का संचालन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त श्री खाण्डेकर ने बताया कि, अभियान का उद्देश्य जनजातीय समाज तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, आजीविका तथा अन्य शासकीय योजनाओं की समग्र पहुंच को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होंगी, बल्कि जनजातीय समाज में जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएंगी।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक का जीपीएम दौरा

### सभी मंडल के कार्यकर्ताओं और किसानों से करेंगे मुलाकात



**गौरेला।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर एक दिवसीय जीपीएम प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने बताया कि, प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का यह जिला जीपीएम में पहला प्रवास कार्यक्रम है। वे 11 सितंबर को जीपीएम पहुंचेंगे और जिला कार्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे जिले के सभी मंडलों का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं और किसान भाइयों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि, श्री ठाकुर के दौरे की पूरी तैयारी किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कर ली है। इस दौरान उनके साथ किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव उपस्थित रहेंगे!

### रोजगार मेले में विद्यार्थियों ने दिया जॉब इंटरव्यू



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 9 सितंबर को डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में जिला स्तरीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड एवं लक्ष्मी जॉब कंसलटेंसी आदि एजेंसियों ने भाग लिया। इन एजेंसियों की ओर से बॉबी देवांगन, कलप सिंह, एन भास्कर, प्रमोद गुप्ता एवं इजराफिल खान उपस्थित रहे, और उन्होंने विभिन्न जॉब ऑफर्स प्रस्तुत किए। मेले में जिले की विभिन्न महाविद्यालयों से 160 से अधिक छात्र-छात्रओं ने भाग लिया एवं विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु फॉर्म भरकर साक्षात्कार दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शोभित बाजपेई, एसएनजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रजत दवे, उच्च शिक्षा विभाग मुंगेली के नोडल अधिकारी एवं एनएसएस जिला संगठक एनके पुरले, कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार भारती, सहायक प्राध्यापक जितेंद्र शर्मा, सुरेंद्र तिग्गा, गोचंद पटेल, पूनम कोरी, तृप्ति लकड़ा, रामचंद्र साहू, डॉ रमाकांत चंद्राकर एवं डॉ प्रेरणा गुप्ता सहित जिले की विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रैली निकाल कर दी गई छत्तीसगढ़ के विकास की जानकारी



**करगीरोड कोटा।** निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ नाज बेंजामिन ने अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ के विकास के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने उक्त आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली महाविद्यालय परिसर से आरंभ हुई एवं नगर के वार्ड नंबर 13 एवं 14 से होते हुए पौराणिक तालाब कोटसागर के समीप कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

## चरणबद्ध सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय

# कृषि अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी मांगों की सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा के चलते अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने 8 व 9 सितम्बर को काली पट्टी लगाकर विभागीय काम किया है।संघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के कृषि व किसानों से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन के साथ किसानों हितकारी कार्यों में कृषि अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है इसके बावजूद कृषि अधिकारियों की मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दे रही है।

इसलिए संघ के प्रांतीय बैठक में सभी जिला एंव प्रांतीय पदाधिकारियों एंव सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगो की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके प्रथम चरण में 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर विभागीय कार्य किया। मल्हार क्षेत्र के कृषि विकास अधिकारी मनोज खांडेकर ने बताया कि पूरे जिले के कोटा, मस्तूरी, तखतपुर व बिल्हा ब्लॉक के कृषि अधिकारियों ने काली पट्टी लगाया। आगामी 15 सितंबर को जिले के सभी विकासखंड एंव जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एंव कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा एंव उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के उक्त तिथि से ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा। 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एंव रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन में बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार सूर्यवंशी, मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार खांडेकर, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष कौशलचंद्र शर्मा, तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष असित तिर्की , अशोक प्रसाद, जितेंद्र साहू ,एके आहिरे ,बलभद्र परिहार , उमेश यादव , अखिलेश सिंह , हेमकुमार डहरिया , सुजीत कंवर के साथ पूरे जिले के कृषि स्नातक कृषि अधिकारियो ने भाग लिया।



**ये है मांगें:** 9 सूत्रीय लंबित मांगों में वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एंव कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर रुपए पच्चीस सौ करने, विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाईल इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, विभगीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने के लिए, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एंव कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी गैरविभगीय कार्यों में ना लगाने , कृषि आदान सामग्री लैम्पसों में भंडारण करने एंव डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद में विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति शामिल है।

## केशरवानी कॉलेज में एलुमनी मीट



**करगीरोड कोटा।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे बोने के उपलक्ष्य में राज्य भर में रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन 'एल्यूमिनी मीट' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र गोस्वामी गोस्वामी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एल्यूमिनी समिति के अध्यक्ष हरीश नामदेव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ नाज बेंजामिन ने किया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र गोस्वामी गोस्वामी ने बताया कि, आप सभी की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर महाविद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राएं आपका अनुसरण करेंगे तथा महाविद्यालय के साथ-साथ अपना नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार, सहायक संचालक, व्याख्याता आदि पदों पर पदस्थ पूर्व छात्रों एवं उद्यमी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अध्ययन के समय के अविस्मरणीय पलों को साझा किया। भूतपूर्व छात्र-छात्रा समिति के संयोजक प्रो वाईके उपाध्याय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र डॉ शांतनु घोष ने किया।

## शिक्षकों के सम्मान में छात्राओं ने आयोजित किया कार्यक्रम



**तखतपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उमा विद्यालय में छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन छात्राओं ने किया था। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य एसके पांडे का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, शिक्षक तभी शिक्षक बनता है जब विद्यार्थी होते हैं। शिक्षक अपनी पूरी क्षमता और योग्यता का उपयोग छात्रों के हित में करते हैं। अब यह छात्र के ऊपर निर्भर करता है कि, वे शिक्षक के बताए गुणों को कितना आत्मसात करते हैं। पूर्व प्राचार्य एस के पांडे ने कहा कि, शिक्षक जीवन का सबसे कठिन दायित्व होता है शिक्षा का दायित्व, जहां पर वह अपने छात्रों को मानसिक एवं नैतिक रूप से पुष्ट कर समाज को सौंपता है। बीआर सूर्यवंशी ने कहा कि, हम सब अपने शिक्षक के कारण ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की छात्राओं ने किया। इस अवसर पर रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, माहेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, पारुल यादव, मयंक यादव, आमोद एक्का, गिरधारी वैष्णव, पुष्पेंद्र दुबे ,संदीप ध्रुव, अंकित विश्वकर्मा, जेडी कुजूर, प्रिया ठाकुर, श्वेता अनंत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## योग से मिलेगा नशे व मोबाइल की लत से छुटकारा: बीके संतोषी



**सीपत।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र सीपत की ओर से नशा मुक्ति अभियान रथ के दूसरे दिन विरानी और वैदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए बीके संतोषी दीदी ने कहा कि, नशा मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी कमजोरी है। यह न केवल शरीर को बीमार बनाता है, बल्कि सपनों और करियर को भी बर्बाद कर देता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशा को ना कहकर अपने जीवन को उज्ज्वल बनाएं।

मोबाइल फोन पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि, मोबाइल एक उपयोगी साधन है, लेकिन इसकी लत खतरनाक है। पढ़ाई में ध्यान लगाने के बजाय यदि बच्चे घंटों गेम, सोशल मीडिया और बेवजह वीडियो देखने में व्यस्त रहते हैं, तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। अंत में दीदी ने योगाभ्यास भी करवाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक शपथ ली कि, वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने ब्रह्माकुमारीज परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने और उन्हें जीवन मूल्यों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। ब्रह्माकुमारी संस्था लगातार समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है, जिसके लिए विद्यालय परिवार कृतज्ञ है। कार्यक्रम में विरानी स्कूल प्राचार्या तारा गिरी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। वैदिक महाविद्यालय के हिमांशु गुप्ता ने कहा कि, नशा आज समाज और परिवार दोनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

## शुक्ल कॉलेज में विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव



**सीपत।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह 2025 के अवसर पर मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन, छत्तीसगढ़ पर आधारित क्विज प्रतियोगिता तथा 'छत्तीसगढ़ कल, आज और कल' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 150 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने कहा कि, किसी भी संस्था के विकास, प्रगति के बारे में उस संस्था के भूतपूर्व विद्यार्थी बहुत से अच्छे से बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि, किसी भी संस्था के लिए उसके विद्यार्थी प्रतिबिंब तथा ब्रांड एंबेसेडर होते हैं। पुराने विद्यार्थियों ने अध्ययन के समय को याद करते हुए उस समय के शिक्षकों, महाविद्यालय के वातावरण तथा उस समय के महाविद्यालय के अधोसंरचना के बारे में बताते हुए छात्र जीवन के अपने अनुभवों को साझा किए तथा महाविद्यालय के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रो भूपेन्द्र देवांगन तथा आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी श्वेता पंड्या ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रघुनंदन पटेल, डॉ एमडी स्वर्णकार, नीना बखरिया, डॉ शुभ्रा मिश्रा, डॉके वेणु अचारी, जीवन प्रभाकर गोरे, डॉ हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, विमल तिवारी एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राएं हरिकेश गुप्ता, प्रदीप पांडे, तुषार चंद्राकर, दुर्गेश साहू, चंद्रप्रकाश बिंझवार, योगेंद्र साहू, सोनाली गुप्ता, विनय कश्यप सहित वर्तमान छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का मुंगेली से है गहरा नाता



उपराष्ट्रपति के साथ प्रकाश लोढ़ा।

**मुंगेली।** देश के नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का मुंगेली से गहरा नाता है। वे चार-पांच बार मुंगेली में शिशु मंदिर के कार्यक्रम में एवं पूर्व विधायक स्व फूलचंद जैन के निवास पहुंचे हैं। स्व फूलचंद लोढ़ा के पुत्र प्रकाश लोढ़ा से परिवारिक संबंधों के चलते राधाकृष्णन कई बार उनके मुंगेली एवं रायपुर निवास परिवारिक कार्यक्रम में आते रहे हैं। शिशु मंदिर में कार्यक्रम, स्व फूलचंद जैन के निधन सहित लोढ़ा परिवार के परिवारिक कार्यक्रमों में पहुंचे हैं। उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद भाजपा नेता प्रकाश लोढ़ा ने उन्हे बधाई देते हुए फिर से मुंगेली आने आमंत्रित किया, जिसे सहर्ष स्वीकारते हुए राधाकृष्णन ने शीघ्र प्रवास की बात कही। भाजपा नेता प्रकाश लोढ़ा ने कहा कि, राधाकृष्णन बहुत ही सरल एवं रचनात्मक स्वभाव के रहे हैं। बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी स्वभाव सरल एवं जमीन से जुड़े रहे हैं। साथ ही उनके पिता स्व फूलचंद लोढ़ा से भी राधाकृष्णन का आत्मीय संबंध रहा है। उनके साथ बहुत से कार्यक्रमों व यात्राओं में साथ रहने का अवसर मिला है, जिसमें उनका रचनात्मक व्यक्तित्व नजर आता है।

## आईडीबीआई बैंक व्यापार विहार ने प्रदान की पाठ्य सामग्री



**सीपत।** ग्राम मटियारी और पंधी में मंगलवार को उस समय उल्लास और ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो गया, जब आईडीबीआई बैंक व्यापार विहार की ओर से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्रियां वितरित की गईं। साथ ही हरियाली की ओर कदम बढ़ाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख विक्रम पाठक, अशोक कुमार, मनोज बेसाई सहित बैंक का पूरा दल मौजूद रहा। गांव की ओर से सरपंच सतीश केशर, उपसरपंच राजेन्द्र अग्रहरी , कृष्णा यादव, अश्वनी कुमार, नरेंद्र यादव और मनोकामना राइस मिल के संचालक पीयूष मित्तल व रूपेश मित्तल ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। सरपंच सतीश केशर ने कहा कि, गांव की असली ताकत शिक्षा और पर्यावरण है। जब हमारे बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ेंगे और हमारे गांव में हरियाली फैलेगी, तभी सच्चे अर्थों में विकास होगा। ग्रामीणों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए बैंक प्रबंधन और उपस्थित अतिथियों का आभार जताया।

## पेंड्रा, मरवाही में बीआरसीसी के रिक्त पदों पर नियुक्ति



**पेंड्रा।** जिले के पेंड्रा और मरवाही विकासखंड में लंबे समय से रिक्त चल रहे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) के पदों पर जिला स्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई है। राज्य शासन द्वारा बीते कई वर्षों से इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्तियां नहीं की जा रही थी, ऐसे में पूर्व परंपरा के अनुसार कलेक्टर और जिला मिशन संचालक (समग्र शिक्षा) द्वारा पारदर्शी तरीके से बीआरसीसी की नियुक्तियां संपन्न की गई हैं। जानकारी के अनुसार, बीआरसीसी का पद माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के समकक्ष होता है। शासन के नियमों के अनुरूप नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पेंड्रा विकासखंड में बीआरसीसी के पद पर शासकीय माध्यमिक शाला मशीन टोला के प्रधान पाठक रामकुमार बघेल को नियुक्त किया गया है। मरवाही बीआरसीसी के लिए प्रधान पाठक अजय राय को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही जिले के दोनों विकासखंडों में रिक्त पदों की पूर्ति हो गई है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। बीआरसीसी रामकुमार बघेल एवं अजय राय ने अपनी नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों और खबरों का खंडन करते हुए अपनी नियुक्ति को पूर्ण रूप से नियमसंगत बताया है। इस नियुक्ति से शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और नियमों के पालन की पुष्टि हुई है। स्थानीय स्तर पर इस कदम का स्वागत किया जा रहा है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि, नई नियुक्तियां विकासखंडों में शैक्षिक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगी।

## मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली सीएम विष्णुदेव साय ने

# सिंचाई योजनाओं को पूरा करने सीएम ने दी 28 सौ करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक लेते हुए प्रदेश की बीते 10 वर्षों से अधूरी पड़ी 115 सिंचाई योजनाओं के लिए 28 सौ करोड़ रुपए की घोषणा की है। इससे प्रदेश में 76 हजार हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बालक बालिकाओं के लिए खेल परिसर तथा पिछड़ी संरक्षित जनजाति छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

**खास बात**

- बालक बालिका के लिए खेल परिसर व जनजाति छात्रों के लिए खुलेगा आवासीय विद्यालय

मुख्यमंत्री श्री साय बुधवार को कोरबा जिले के कलेक्टेट सभाकक्ष में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक लेते हुए आदिवासी क्षेत्रों के विकास को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी बहुल इलाकों में विकास संसाधनों की किसी भी प्रकार से कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि आदिवासी अंचलों के लिए सरगुजा, बस्तर और मध्य क्षेत्र के अलग-अलग विकास प्राधिकरण गठित किए गए हैं, जिससे क्षेत्रवार योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जा सके। बैठक में शिक्षा और खेल को बढ़ावा, आधारभूत संरचना और पर्यटन को बढ़ावा, सिंचाई परियोजनाओं के साथ बढ़ा प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ किया है। बैठक में श्री साय ने जिले में आदिवासी बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष घोषणा की। बालक-बालिका क्रीड़ा परिसर के निर्माण और संचालन के लिए 10-10 करोड़ रुपए तथा विशेष पिछड़ी जनजातियों के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने हेतु भी 10-10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



बैठक लेते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपस्थित मंत्री।

### आदिवासी क्षेत्रों के विकास एवं संस्कृति के लिए प्राधिकरण का गठन : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में तीन प्राधिकरण का गठन किया गया है। बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण, उत्तर क्षेत्रीय सरगुजा विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण शामिल हैं। प्राधिकरण के पुर्नगठन के बाद पहली बैठक मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक कोरबा में रखी गई थी जिसमें प्रदेश के सभी मंत्री उपस्थित थे। आदिवासी क्षेत्रों के विकास और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया है। सभी प्राधिकरण के सभी सदस्यों में सुझाव दिये हैं। विकास के लिए सार्थक चर्चा हुई है। उद्योग मंत्री देवांगन की मांग पर बालक बालिका खेल परिसर तथा प्रधानमंत्री के दत्तक पुत्र पीजीबीटी क्षेत्र के युवाओं के लिए आवासीय विद्यालय की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण का बजट जो 50 करोड़ था उसे बढ़ाकर 75 करोड़ किया गया है। वहीं 2015 के पूर्व अधूरी सिंचाई योजनाओं के पूर्व 28 सौ करोड़ जारी किये गये हैं। कोरबा में औद्योगिक पार्क के विषय पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसे बता दिया जाएगा। पर्यटन के विकास के संबंध में उन्होंने कहा कि बुका और सतरेंगा के विकास के लिए वन विभाग को दो माह में प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### मवेशी लेकर जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** पाली क्षेत्र से मवेशियों को भरकर उत्तर प्रदेश जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है। ट्रक से 14 जीवित, 2 मृत, 1 घायल अवस्था में मवेशी मिला है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया, मंगलवार को हिंदू संगठन के लोगों ने सूचना दी पाली क्षेत्र से मवेशियों को क्रूरता से ट्रक में भरकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। श्री राजपूत ने स्टाफ के साथ बेलपारा में घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीटी, 8078 को रोक लिया। पुलिस को देखकर ट्रक ड्राइवर भाग निकला। पुलिस ने खलासी शामली उत्तर प्रदेश निवासी शाहरूक कुरैशी को पकड़कर ट्रक की तलाशी ली तो 14 जीवित, 2 मृत, 1 गंभीर अवस्था में घायल मवेशी मिले। पुलिस ने अपराध कायम कर खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस खलासी से ड्राइवर व मवेशी तस्करों के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है।

### केबिनेट ने दी 177 दोहरीकरण को 3169 करोड़ की मंजूरी

**बिलासपुर।** बुधवार को केबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 3169 करोड़ रुपए की लागत से भागलपुर-दुमका और दुमका से रामपुरहाट सिंगल रेल लाइन खंड 177 किलोमीटर के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना खंड देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम, तारापीठ शक्ति पीठ आदि जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है। मल्टी ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 441 गांव और 28.72 लाख आबादी तथा तीन आकांक्षी जिलों बांका, गोड्डा और दुमका तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह कोयला, सीमेंट, उर्वरक, ईंट और पत्थर आदि जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए आवश्यक मार्ग है। इन क्षमता वृद्धि कार्यो के परिणामस्वरूप 15 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।

### बेपटरी हुआ मालगाड़ी का इंजन

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बेलगहना स्टेशन के पास एक मालगाड़ी का इंजन बेपटरी हो गया, जिसके कारण रेल लाइन करीब एक से डेढ़ घंटे तक ब्लाक रही। जानकारी के अनुसार अप लाइन से डाउन लाइन की ओर जा रही मालगाड़ी का एक लाइट इंजन क्रास ओवर में लाइन चेंज करने के बाद बेपटरी हो गया। रेल लाइन पर इंजन के बेपटरी होने के बाद चालक नीतेश कुमार ने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी। इसके कारण कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन बेपटरी हुई इंजन के कारण गंभीर हादसा होने से ट्रेन और कर्मचारी की जान बच गई। सूचना मिलने के एक घंटे बाद डिवीजन के अफसर और कर्मचारी क्रेन लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और बेपटरी हुई इंजन को पटरी पर लाने का काम शुरु किया। इस दौरान बिलासपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों को दूसरी लाइन से पायलेटिंग के जरिए रवाना किए जाने के कारण यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही। आधा घंटे की मशक्कत के बाद बेपटरी हुए इंजन को पटरी पर लाने के बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। इस घटना के बाद डिवीजन स्तर पर जांच टीम गठित कर दी गई है, जो बेपटरी हुए इंजन के मामले में जांच करने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौपेगी।

**मस्तूरी क्षेत्र का मामला** | वायरल आडियो में 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहा बाबू

# मेडिकल बिल के बदले शिक्षक से कमीशन मांगने वाला क्लर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र में सहायक शिक्षक से मेडिकल बिल स्वीकृत करने के बदले 10 प्रतिशत कमीशन मांगने वाले क्लर्क (सहायक ग्रेड 02) सीएस नौरके को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। दरअसल संतोष साहू ने आरोप लगाया था कि बिल जारी करने के एवज में ऑफिस का बाबू उनसे 10% कमीशन मांग रहा है।

शिक्षक ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से की थी। शिक्षक का कहना है कि उनके साथ जिन अन्य शिक्षकों के बिल पास हुए थे, उन्हें तो राशि का भुगतान मिल गया है, लेकिन उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया। मामला मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का है। कमीशन मांगे जाने का आडियो भी वायरल हो रहा है। शिक्षा अधिकारी ने इसे संज्ञान में लेते हुए जांच कमेटी बनाई थी। दरअसल, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू ने मेडिकल बिल भुगतान के लिए आवेदन जमा किया था। इलाज में हुए खर्च सहित सभी दस्तावेज पेश करने और उसका परीक्षण करने के बाद कार्यालय से उनका 1 लाख 87 हजार 459 रुपए स्वीकृत हो गया है। शिक्षक संतोष कुमार साहू का आरोप है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मस्तूरी के पदस्थ सहायक ग्रेड 02 सीएस नौरके ने 9 जुलाई की रात 8.25 बजे उनके मोबाइल पर कॉल किया। वो रिसीव नहीं कर पाए। रात 8.30 बजे उन्होंने देखा तो कॉल किया। इस दौरान क्लर्क सीएस नौरके ने मेडिकल बिल की रकम उनके खाता में जमा करने के एवज में 10% कमीशन मांगा। जिसे देने में उन्होंने असमर्थता जताई। इस कारण भुगतान रोक दिया है।


मस्तूरी क्षेत्र के सहायक शिक्षक ने लगाया आरोप, आडियो वायरल
मेडिकल बिल भुगतान के बदले क्लर्क ने मांगा कमीशन

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**की गई है कार्रवाई**

सहायक शिक्षक की शिकायत के बाद मामले में जांच की गई थी। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी पक्षों का बयान लिया। रिपोर्ट के आधार पर क्लर्क नोरके को सस्पेंड कर दिया गया है।
- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

### ऊपर तक देना पड़ता है पैसा

इससे परेशान होकर सहायक शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि सूची में शामिल अन्य लोगों की राशि का भुगतान 15 जुलाई की रात को ही कर दिया गया था, लेकिन उनकी राशि अब तक लंबित है। शिक्षक का कहना है कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत के बावजूद क्लर्क भुगतान नहीं कर रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। संतोष साहू ने बताया कि उन्होंने इलाज का पूरा खर्च और जरूरी दस्तावेज ऑफिस में जमा किए गए थे। आडियो में भी क्लर्क पैसे मांगते हुए साफ सुनाई दे रहा है। इसमें बाबू कह रहा है कि उपर तक पैसा देना पड़ता है।

उप पंजीयक को पत्र लिखकर दी गई अवैध प्लाटिंग की जानकारी

# अवैध प्लाटिंग: घुरू की 6 जमीनों की 3 एकड़ रजिस्ट्री पर रोक, निगम ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के घुरू में 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम ने बिलासपुर और तखतपुर के उप पंजीयक को पत्र लिखा है। इन भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए निगम द्वारा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व शहर के अलग-अलग स्थानों के 142 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयक को पत्र लिखा गया था।

- **उक्त जमीनों की गई रजिस्ट्री की भी जानकारी मांगी गई है**

दरअसल शहर के घुरू-अमेरी, मोपका, खमतराई, तिफरा, चांटीडीह, लिंगियाडीह, मंगला और बिजौर क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध कालोनी विकसित करने भू-माफिया सक्रिय है। यहां, बिना लेआउट प्लान और डायवर्सन के जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचा जा रहा है। निगम के मुताबिक घुरू की जिन जमीनों पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किया गया है। उसमें सकरी तहतील स्थित भूमि खसरा क्रमांक 302/5, 311/2, 241/1, 305/4, 592/166, 607/41 के क्षेत्रफल क्रमशः 0.0314, 0.0943, 0.0545, 0.1694, 0.0637, 0.641 हेक्टेयर, भूमि शामिल हैं। इन जमीनों के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया जा रहा है।


फाइल फोटो

### इन जमीनों पर भी रोक

ध्यान रहे कि इससे पूर्व निगम द्वारा अवैध प्लाट में सड़क, बाउंड्रीवाल तोड़ने की कार्रवाई की गई थी, जिन 142 जमीनों की सूची पंजीयक कार्यालय को सौंपी गई है, उनमें मंगला क्षेत्र की 39 जमीन, मोपका की 33 जमीन, तिफरा में 10 जमीन, खमतराई की 40 जमीन, बिजौर की 10, चांटीडीह की 6, मंगला और लिंगियाडीह की 4 जमीन शामिल है। हालांकि इसके बाद भी शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं।

### कृषि भूमि पर शहर के भू माफिया की नजर

दरअसल, कृषि भूमि पर शहर के भू माफियाओं की नजर है, जो इन जमीनों की खरीदी-बिक्री कर टुकड़ों में प्लाटिंग कर रहे हैं। जबकि, कॉलोनी बनाने के लिए नगर निगम के साथ ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और राजस्व विभाग की सहमति जरूरी है। लेकिन, भू माफिया नियमों को दरकिनार कर राजस्व अफसरों के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग कर टुकड़ों में जमीन बेच रहे हैं। यही वजह है कि राजस्व अधिकारी अवैध प्लाटिंग को नजरअंदाज कर रहे हैं। शहर से लगे गांव में जमीन दलालों द्वारा अवैध प्लॉटिंग करने का सिलसिला जारी है। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। राजस्व विभाग के मैदानी अमले की मिलीभगत से यह कारोबार बेखौफ चल रहा है।

**मछली मार्केट का मामला**

# 10 लाख किराया बाकी 7 दुकानों को किया सील


कार्रवाई के दौरान व्यापारियों में हडकंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचरी में मछली मार्केट के पास सालों से किराया नहीं पटाने वाले 7 दुकानों को सील कर दिया है। इसमें कुछ दुकानों पर लाखों रुपए का बकाया है। बार बार नोटिस के बाद भी दुकान संचालकों द्वारा जवाब नहीं दिया जा रहा था। इससे पहले चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वाले 29 दुकानों को निगम ने सील किया था। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था।

नगर निगम की शनिचरी बाजार के पास दुकानें हैं। इसमें एक मछली मार्केट भी हैं जहां लोगों को दुकान आबंटित की गई थी। पिछले कई सालों से किराया नहीं पटाने पर मौखिक और लिखित में चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था। निगम की टीम बुधवार को शनिचरी पहुंची और दुकानों पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर विरोध किया। निगम की टीम को रोकने की कोशिश भी की गई। पुलिस की मौजूदगी के बाद लेकिन विरोध शांत कर दिया गया। निगम ने इसके बाद सभी दुकानों को सील कर दिया। इनमें सईदा बेगम पर एक लाख 15 हजार, इंद्रजीत पर एक लाख 14 हजार, गोवर्धन दास पर एक लाख 12 हजार, आसिया बाई पर एक लाख 11 हजार, विमल मिश्रा पर एक लाख पांच हजार, सुनील कुमार पर एक लाख 33 हजार और बल्ल खटिक पर 46 हजार 515 रुपए का बकाया है।

- **कार्रवाई के दौरान जमकर विवाद और हंगामा**

### गोदाम बनाकर रख दिया अपना सामान

ज्ञात हो कि नगर निगम अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई पिछले एक महीने से कर रहा है। अतिक्रमण के कारण 80 फीट चौड़ी सड़क 40 फीट तक सिमट गई थी। इस काम के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग से 3.27 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। निगम को जानकारी मिली की चांटीडीह सब्जी बाजार में बनी निगम की दुकानों में भी कब्जा है। इन दुकानों को एक तरह से गोदाम बना लिया गया है। यहां सब्जी के साथ ही दूसरे सामान रखे जा रहे थे। इसके साथ ही रात को इन दुकानों में शराबखोरी की भी शिकायतें निगम को मिल रहीं थी। निगम ने दुकानों को पहले खाली करने मौखिक रूप से सूचना दी थी। इसके बाद भी कब्जा खाली नहीं करने पर निगम ने इन 29 दुकानों में ताला बंद करते हुए सील कर दिया है।

# ओवरटेक को लेकर दो गुटों के बीच चाकूबाजी, 8 आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम के बाद ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार दो गुटों के बीच जमकर मारपीट कर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने दोनों गुटों के 8 लोगों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को मुंगेलीनाका मैदान में कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम सपन्न होने के बाद मंदिर चौक निवासी राजीव बघेल अपने दोस्त के साथ बाइक व मसानगंज निवासी शेख ताहिर अपने साथियों के साथ कार से निकल रहे थे। ओवहरटेक करने व घूर घूर के देखने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे और चाकू निकलाकर एक दूसरे पर हमला कर दिया था। सरेराह सड़क में दो गुटों के बीच चाकूबाजी होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक गुट से राजीव राज बघेल, प्रतीक लाल बघेल, आकास मिश्रा, पवन सोनवानी, प्रांजल मसीह, विक्रम ठाकुर व दूसरे गुट के शेख ताहिर, मोहम्मद हसन को पकड़ लिया था। बुधवार को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

पुलिस ने मामले में शेख ताहिर की रिपोर्ट पर राजीव बघेल एवं अन्य 5 के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 191, 3, 296, 351, 2 व राजीव राज बघेल की रिपोर्ट पर शेख ताहिर, मोहम्मद हसन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। अभी अपराध में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

### की जाएगी कार्रवाई

दोनों गुटों के 8 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज गया है। दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मामले की जांच करने के बाद अपराध में फिर से आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।
-**विजय चौधरी** सिविल लाइन थाना प्रभारी

### एफआईआर में लिखा लोहे के पंच से हमला करना

मजेदारबात यह है कि दोनों गुटों के बीच विवाद के बाद सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें एक युवक कमर में चाकू दबाकर रखने व उसको निकालते वहीं दूसरे गुट के एक युवक के हाथ से चाकू लूटकर सड़क में गिराकर उठाया दिखाते साफ नजर आ रहा था। उसके बाद भी पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एफआईआर में लोहे के पंच से हमला करना लिखा गया है।

# टीकाकरण: बच्ची की मौत, गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीकाकरण के दूसरे दिन दो माह की बच्ची की मौत होने से परिजन गलत इलाज कराने का आरोप लगाते हुए कलेक्टोरेट पहुंच गए। पुलिस ने समझाइश देकर बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को मंगला धूरीपारा निवासी रामेश्वर मरावी के घरवाले उनके दो माह की बेटी स्वर्णिका मरावी को टीकाकरण कराने आंगनबाड़ी लेकर गए थे। स्वास्थ्यकर्मी ने बच्ची को दोनों हाथ व पैर में चार इंजेक्शन लगाया था। 10 सितंबर को दोपहर 1 बजे बच्ची की मौत हो गई। जिससे घर व आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजन टिकाकरण के दौरान स्वास्थकर्मी के द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से बच्ची की मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गए। सूचना मिलते थाना प्रभारी विजय चौधरी कलेक्टोरेट पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जाए। उससे मृत्यु के कारणों का खुलासा हो जाएगा। उसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार हो गए। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जाता है 9 सितंबर को आंगनबाड़ी में स्वास्थकर्मी के द्वारा 25 से 30 बच्चों का टिकाकारण किया गया था, उनमें से किसी भी बच्चे को कोई शिकायत नहीं हुई है।

### पीएम के बाद होगा खुलासा

9 सितंबर को बच्ची का टीकाकरण किया गया था। 10 सितंबर को दोपह 1 बजे उसकी मृत्यु हुई है। परिजन गलत इंजेक्शन लगाने से मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए कलेक्टोरेट आए थे। बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।
-**विजय चौधरी**, सिविल लाइन थाना प्रभारी

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रतीक्षा सूची जारी

**बिलासपुर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट eklavya.cg.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक एवं बालिका और अनुसूचित जाति के बालक एवं बालिकाओं का काउंसलिंग 12 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के बालक बालिकाओं का काउंसलिंग 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। यह काउंसलिंग प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्हीआईपी सीटी कालोनी के सामने रायपुर में होगा। बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति के पश्चात ही राजनांदगांव एवं बिलासपुर के रिक्त सीट भरे जाएंगे।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# 3 लाख के कबाड़ सहित ट्रक जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोहे के कबाड़ लेकर जा रहे ट्रक सहित ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ लिया है। ट्रक से 10 टन लोहे का कबाड़ जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली चोरभठ्ठी की ओर से ट्रक में लोहे का कबाड़ भरकर बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर टीआई श्री आर्या ने स्टाफ के साथ सकरी ओवरब्रिज चौक के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 10 ईजे, 9756 को रोक लिया। जांच करने पर ट्रक में 10 टन लोहे का कबाड़ मिला। जब्त कबाड़ की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त कबाड़ कोतवाली क्षेत्र के सबसे बड़े कबाड़ी का है। पुलिस ने कबाड़ सहित ट्रक जब्त कर ड्राइवर रतनपुर निवासी सौरभ सोनी पिता विजय सोनी 37 साल को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि एक बार फिर शहर के कबाड़ी सक्रिय होकर बेखौफ चोरी के लोहे का सामान खरीदी बिक्री कर रहे हैं। लंबे अरसे से पुलिस विभाग के द्वारा कबाड़ी दुकानों की जांच नहीं की गई है।

### स्कूल में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

स्कूल में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



सीपत पुलिस के अनुसार, हिंडाडीह शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल का ताला तोड़कर मानीटर, सीपीयू, चावल चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने हिंडाडीह निवासी दीपक लास्कर पिता धनेश लास्कर 22 साल व दो नाबालिग को पकड़कर चोरी की दो मानीटर, दो सीपीयू, एक कच्ची चावल बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

